राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 327
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 20 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

**मुख्य अपडेट** | **पेज 3** यू.पी. रेरा ने 19वें और 20वें बैच के एजेंटों को प्रमाणपत्र किए प्रदान | **पेज 4** दीवाली पर पटाखों की सुरक्षा हेतु दिशा-निर्देश जारी | **पेज 6** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इतिहास रच सकते हैं किंग कोहली

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो प्लेन में पैसेंजर के पावर बैंक में आग लगी

**नई दिल्ली।** रविवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर दीमापुर जाने वाले इंडिगो विमान में एक यात्री के पावर बैंक में आग लग गई। केबिन क्रू ने आग बुझा दी। इंडिगो ने कहा कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है और विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल सुरक्षित हैं। एयरलाइन ने कहा कि फ्लाइट 6 ई 2107 में सीट के पीछे की जेब में रखे पैसेंजर के निजी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में मामूली आग लगी थी। घटना के समय विमान एयरपोर्ट पर टैक्सी कर रहा था।


### लुधियाना में कारोबारी के घर 15 राउंड फायरिंग

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में बाइक सवार बदमाशों ने एक रियल स्टेट कारोबारी के घर पर फायरिंग कर दी। गोलियां लगने से बालकनी के शीशे टूट गए। मौके से एक पर्ची मिली है, जिसमें कौशल चौधरी ग्रुप और 5 करोड़ लिखा हुआ है। कारोबारी नंदलाल ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की नाकेबंदी कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि बदमाशों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके। अभी फायरिंग करने वालों का सुराग नहीं लग पाया है। नंदलाल 2006 में सेना से सूबेदार पद से रिटायर हुए थे और अब लुधियाना में रियल एस्टेट का कारोबार करते हैं।



### हैप्पी मॉर्निंग

सुरेश (मोहन से)- कभी किसी की हाय नहीं लेनी चाहिए
मोहन- क्या हुआ?
सुरेश- सुबह-सुबह पड़ोसन हाय बोल रही थी, मैने ले ली और बीवी ने देख लिया
मोहन- फिर क्या हुआ?
सुरेश- 3 दिन से बाहर ही खा रहा हूं......



### शायरी

चीनी नहीं है घर में, लो, मेहमान आ गये
मंहगाई की भट्ठी पे शराफत उबाल दो

### अर्थसार

सेंसेक्स:
83,952.19
+484.53
निफ्टी:
25,709.85
+124.55



### मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 20 डिग्री से0
सूर्योदय सोमवार : 6 : 25
सूर्यास्त रविवार : 5 : 54

### दिवाली की भीड़



दिवाली से पहले त्योहारी भीड़ के बीच पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार होते यात्री।

## कर्नाटक में 'जाति जनगणना' की अवधि बढ़ी, अब 31 अक्तूबर तक होगा सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि सरकार ने सामाजिक और शैक्षणिक सर्वेक्षण यानी जाति जनगणना की अवधि 31 अक्टूबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। सर्वेक्षण की शेष अवधि के दौरान शिक्षकों का उपयोग जनगणना कार्य के लिए नहीं किया जाएगा। यह सर्वेक्षण कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा किया जा रहा है, जो 22 सितंबर को शुरू हुआ था और मूल रूप से सात अक्टूबर को समाप्त होने वाला था। हालांकि, राज्य सरकार ने बाद में सर्वेक्षण की अवधि 18 अक्टूबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया और शिक्षकों की मदद से सर्वेक्षण को पूरा करने के लिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए दशहरा की छुट्टियों को भी 18 अक्टूबर तक बढ़ा दिया।

### मूड़ीगंगा हादसे के बाद फंसे बांग्लादेशी नागरिकों को भारत ने भेजा वापस

**कोलकाता।** दीपावली से पहले भारत सरकार ने एक मानवीय कदम उठाते हुए बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के मूड़ीगंगा नदी में हुए हादसे के बाद आठ माह से फंसे 12 बांग्लादेशी नागरिकों को शनिवार को सकुशल वापस उनके देश भेज दिया। ये सभी लोग आठ महीने से अधिक समय से यहां फंसे थे। 13 फरवरी को बांग्लादेश का एक मालवाहक जहाज मूड़ीगंगा नदी में दुर्घटना का शिकार हो गया था। जहाज में सवार लोगों को तुरंत सागर ब्लाक प्रशासन और पुलिस ने बचाया। इस हादसे में एक नाविक गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के बाद सभी को सागरद्वीप के एक फ्लड शेल्टर में ठहराया गया, जहां प्रशासन ने उनके रहने, खाने और चिकित्सा की पूरी व्यवस्था की। दुर्गापूजा से पहले उनकी स्वदेश वापसी की प्रक्रिया तेज कर दी गई। भारत और बांग्लादेश के हाई कमीशन स्तर पर बातचीत और कागजी प्रकिया के बाद बांग्लादेशी नागरिकों को शनिवार को उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बांग्लादेश प्रशासन के हवाले कर दिया गया।

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## गरीब कैदियों की रिहाई में अब जमानती रकम नहीं बनेगी रोड़ा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के माध्यम से राज्य सरकारों द्वारा गरीब विचाराधीन कैदियों की जमानत राशि के भुगतान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में संशोधन किया है।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और न्यायमित्र सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा द्वारा दिए गए सुझावों को स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया।

पीठ ने नए मानक संचालन प्रक्रिया के तहत कहा कि यदि किसी गरीब विचाराधीन कैदी के लिए जमानती रकम जमा करना संभव नहीं है तो डीएलएसए उसकी ओर से यह राशि भर सकेगी। डीएलएसए अधिकतम एक लाख रुपये तक की रकम जमानत के रूप में दे सकेगी। कोर्ट ने पिछले साल 13 फरवरी को जारी अपनी पूर्व मानक प्रक्रिया (एसओपी) में कुछ संशोधन किए और आदेश दिया कि एक अधिकार प्राप्त समिति का गठन किया जाएगा जिसमें जिला कलेक्टर या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामित व्यक्ति, डीएलएसए के सचिव, पुलिस अधीक्षक, संबंधित जेल के अधीक्षक/उपाधीक्षक और संबंधित जेल के प्रभारी जज शामिल होंगे। डीएलएसए सचिव अधिकार प्राप्त समिति की बैठकों के संयोजक होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि विचाराधीन कैदी को जमानत आदेश के सात दिनों के भीतर जेल से रिहा नहीं किया जाता है, तो जेल अधिकारी डीएलएसए सचिव को सूचित करें। कोर्ट ने कहा कि सूचना प्राप्त होने पर डीएलएसए सचिव यह सुनिश्चित करेंगे कि विचाराधीन कैदी के बचत खाते में धनराशि है या नहीं और यदि नहीं, तो पांच दिनों के भीतर डीएलएसए को इस बाबत अनुरोध भेजा जाएगा। कोर्ट ने कहा, जिला स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (डीएलईसी), (आइसीजेएस – इंटरआपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में एकीकरण लंबित रहने तक) रिपोर्ट प्राप्त होने की तारीख से पांच दिनों की अवधि के भीतर डीएलएसए की सिफारिश पर जमानत के लिए धनराशि जारी करने का निर्देश देगी।

केंद्र को निर्देश दिया कि वह अपनी योजना में आवश्यक संशोधन करे और उक्त शर्तों के अनुरूप संशोधित एसओपी जारी करे।



# अमेरिका में 'नो किंग्स' प्रोटेस्ट, 70 लाख लोग जुटे

## 2600 रैलियां निकालीं; ट्रम्प ने एआई वीडियो में फाइटर जेट से प्रदर्शनकारियों पर मल गिराया

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिका में रविवार को राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ सबसे बड़ा प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में देश के अलग-अलग शहरों में 2600 से ज्यादा रैलियां निकाली गईं। इन रैलियों में करीब 70 लाख लोगों ने हिस्सा लिया।

इन प्रदर्शनों को नो किंग्स प्रोटेस्ट नाम दिया गया है। दरअसल प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि ट्रम्प के शासन में देश तेजी से तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। इससे पहले जून में हुए पहली 'नो किंग्स' प्रदर्शन के दौरान लगभग 2100 जगह रैलियां निकाली गई थीं।

न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर, बोस्टन, अटलांटा और शिकागो के पार्कों में भारी भीड़ जुटी। वॉशिंगटन, लॉस एंजिल्स और कई रिपब्लिकन शासित राज्यों में भी लोग सड़कों पर उतरे। रिपब्लिकन पार्टी ने इन प्रदर्शनों को हेट अमेरिका रैली (अमेरिका से नफरत करने वाले प्रदर्शन) करार दिया।

ट्रम्प ने नो किंग्स प्रोटेस्ट का जवाब एक एआई-जनरेटेड वीडियो से दिया है। उन्होंने अपने ट्रुथ सोशल पर एक 20 सेकेंड का वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो क्राउन पहने एक फाइटर जेट पायलट के रूप में नजर आए। उनके जेट पर किंग ट्रम्प लिखा था। वीडियो में ट्रम्प प्रदर्शनकारियों पर मल गिराते दिख रहे हैं।




### ट्रम्प के कार्यकाल में तीसरा बड़ा विरोध प्रदर्शन

राष्ट्रपति ट्रम्प के कार्यकाल में हुआ यह तीसरा बड़ा प्रदर्शन है। खास बात यह है कि इस वक्त अमेरिका में शटडाउन लगा हुआ है। कई सरकारी सेवाएं ठप हैं। ट्रम्प प्रशासन के ताकतवर रवैये को लेकर संसद और न्यायपालिका के साथ टकराव बढ़ गया है।

ट्रम्प वीक एंड पर अपने फ्लोरिडा स्थित घर मार-ए-लागो में थे। एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने कहा, वे मुझे राजा कह रहे हैं, लेकिन मैं कोई राजा नहीं हूं। बाद में उनकी सोशल मीडिया टीम ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें ट्रम्प को राजा के रूप में दिखाया गया था।

# बिहार-यूपी जाने वालों की भारी भीड़

## सूरत में 15 हजार से ज्यादा यात्रियों ने सड़क पर बिताई रात

**सूरत।** दिवाली, छठ पूजा और बिहार विधानसभा चुनाव के चलते उत्तर भारत जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ रविवार को दिल्ली, मुंबई, सूरत समेत अन्य रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंड पर देखी गई।

सूरत में हजारों लोग टिकट होने के बावजूद ट्रेन में सवार नहीं हो पाए। स्टेशन से लेकर रिहायशी इलाकों तक यात्रियों की लाइनें लग गईं। 12 से 18 घंटे से भूखे-प्यासे लोगों की बस एक ही कोशिश थी कि घर जाना है, लेकिन ट्रेनों में जगह नहीं मिली।

सूरत के उधना रेलवे स्टेशन के बाहर शनिवार शाम से ही भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। ट्रेनों में जगह न मिलने से कुछ लोगों को दो-तीन बार टिकट भी कैंसिल करवानी पड़ी। इसके चलते स्टेशन के बाहर 2 किमी से ज्यादा लंबी लाइन लग गई थी। स्टेशन पर अभी भी 6 से 7 हजार से ज्यादा यात्रियों की भीड़ है। पश्चिम रेलवे की और से जानकारी दी गई है कि आज और ट्रेनें चलेंगी। कई ट्रेनों में बोगियां भी बढ़ाई जा रही हैं।



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी पिछले दो-तीन दिनों से जबर्दस्त भीड़ है। शनिवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने भीड़ नियंत्रण की तैयारियों का जायजा लिया।

रेल मंत्री के बयान के मुताबिक, फेस्टिव सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए 12000 स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और कई लोगों पर एफआईआर भी दर्ज की गई है।

# राजस्थान में 150 किलो गोमांस के साथ तीन गिरफ्तार

## मुखबिर की सूचना पर पुलिस का एक्शन

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले के डीग में पुलिस ने दावत के लिए ले जाए जा रहे 150 किलो गोमांस के साथ दूल्हा व उसके पिता समेत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

सिकरी थाना अधिकारी सुल्तान सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि आस मोहम्मद अपने बेटे मौसम की शादी के लिए गोवंशीय पशु को काटकर मांस ले जा रहा है। मौसम का विवाह तीन दिन बाद होना था। सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार रात करीब साढ़े 12 बजे कार्रवाई की।



पुलिस को देखकर गोकशी करने वाले भागने लगे, लेकिन आरोपितों को पकड़ लिया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली भी जब्त की है, जिसमें गोमांस ले जाया जा रहा था।

### गिरिराज बोले- एनलडीए को 'नमक हरामों' का वोट नहीं चाहिए

**पटना।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के इस बयान के बाद विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस का कहना है कि गिरिराज सिंह को आधिकारिक तौर पर उन्हें मानसिक रूप से अस्वस्थ घोषित कर देना चाहिए। वहीं, जदयू ने गिरिराज सिंह के बयान का बचाव किया है। दरअसल, अरवल में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए गिरिराज ने मुसलमानों के लिए नमक हराम जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। गिरिराज ने कहा, ये लोग सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के बावजूद बीजेपी को वोट नहीं देते।

# तमिलनाडु में रेल रूट पर लैंडस्लाइड, कई ट्रेनें रद्द

## 7 दिनों तक दक्षिण भारत में तेज बारिश की चेतावनी; उत्तर-पूर्वी मानसून एक्टिव हुआ

**चेन्नई।** तमिलनाडु में नीलगिरि माउंटेन रेलवे रूट पर भूस्खलन होने के बाद कई ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। दक्षिणी रेलवे के मुताबिक रूट पर कई स्थानों पर पहाड़ का मलबा पटरी पर आ गया। कल्लार और कुन्नूर के बीच चट्टानें, कीचड़ और गिरे हुए पेड़ों के चलते ट्रैक बाधित हो गया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 20 से 22 अक्टूबर तक तमिलनाडु के पूरे तटीय क्षेत्र में बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है। लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है।



मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में भी 21 अक्टूबर को कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना जताई है। इससे अगले 7 दिनों में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी, केरल, लक्षद्वीप के तटीय और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

### मौसम विभाग ने इन जगहों पर जताई भारी बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने कहा कि नीलगिरी, कोयंबटूर, तिरुप्पुर, इरोड, डिंडीगुल, थेनी, मदुरै, विरुधुनगर, रामनाथपुरम, शिवगंगा, पुदुक्कोट्टई, तंजावुर, तिरुवरुर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, कुड्डालोर, विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिलों और पुडुचेरी तथा कराईकल क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

आईएमडी ने चेन्नई के लिए आंशिक रूप से बादल छाए रहने और मध्यम बारिश या बिजली कड़कने की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश के कारण जिला प्रशासन ने स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है।

कुड्डालोर के मत्स्य पालन और मछुआरा कल्याण विभाग के सहायक निदेशक ने कहा कि खराब मौसम के चलते सभी प्रकार की मशीनीकृत देशी नौकाओं, कटमरैन और मोटर चालित मछली पकड़ने वाली नावों को अगली सूचना तक समुद्र में न जाने की सलाह दी जाती है।

**टिकट की खींचतान**

**बोला- टिकट के लिए 2.70 करोड़ मांगे गए; आरजेडी की पहली लिस्ट में 52 नाम**

# राबड़ी आवास के बाहर नेता ने कुर्ता फाड़ा, जमकर रोया

नई दिल्ली/पटना। महागठबंधन में टिकट की खींचतान के बीच रविवार सुबह राबड़ी आवास के बाहर टिकट के लिए पूर्व प्रत्याशी मदन साह ने अपना कुर्ता फाड़ लिया। वे सड़क पर रोते-बिलखते नजर आए। उन्होंने कहा- संजय यादव ने मधुबन विधानसभा से टिकट देने के एवज में ?2.70 करोड़ मांगे, रकम नहीं तो टिकट किसी और को दे दिया है।

बिहार चुनाव के पहले फेज की वोटिंग में सिर्फ 19 दिन बाकी हैं। 20 अक्टूबर को पहले फेज के चुनाव के लिए नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन है, लेकिन महागठबंधन में अब तक सीट शेयरिंग को लेकर साझा बयान नहीं आया।



कांग्रेस 53 उम्मीदवार उतार चुकी है। पहली लिस्ट में 48 नाम थे, शनिवार को जारी दूसरी लिस्ट में 5 नाम थे। रविवार को आरजेडी ने अपनी पहली ऑफिशियल लिस्ट जारी की है, जिसमें नामांकन कर चुके 52 कैंडिडेट्स के नाम हैं।

राघोपुर में तेजस्वी यादव का मुकाबला बीजेपी प्रत्याशी सतीश यादव से होगा। सतीश यादव ने 2010 विधानसभा में राबड़ी देवी को यहां से हराया था। लिस्ट में 22 यादव, 3 मुस्लिम, भूमिहार-ब्राह्मण समाज से 3 प्रत्याशियों के नाम हैं।

इधर, एनडीए में सीट शेयरिंग हो चुकी है। सभी पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवार भी उतार दिए हैं, लेकिन सीएम फेस को लेकर चर्चा है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा- हमारा 5 दल का गठबंधन है, जितने विधायक जीतकर आएंगे स्वयं अपना नेता चुनेंगे।

इससे पहले 17 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था की नीतीश कुमार पर न सिर्फ भाजापा, बल्कि बिहार की जनता को भी पूरा भरोसा है। एनडीए की जीत के बाद मुख्यमंत्री कौन होगा, यह फैसला विधायक दल करेगा।

### संजीव श्याम जन सुराज में शामिल हुए

जन सुराज में शामिल होने पर जेडीयू के पूर्व नेता संजीव श्याम सिंह ने कहा- मैंने कल पार्टी से इस्तीफा दे दिया। पार्टी (जेडीयू) अब पहले जैसी नहीं रही। सीएम नीतीश कुमार जिस तरह से अपने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करते थे, वह अब नहीं हो रहा है।

यह पार्टी ठप हो गई है। नीतीश कुमार की खराब सेहत का फायदा उठाकर कुछ लोगों ने पार्टी पर कब्जा कर लिया है और वे इसे अलग दिशा में ले जाना चाहते हैं।

# लद्दाख के प्रतिनिधि 22 अक्टूबर को केंद्र से बातचीत करेंगे

- लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस दोनों शामिल होंगे

**लेह।** लद्दाख के प्रतिनिधी केंद्र सरकार के साथ बातचीत के लिए राजी हो गए हैं। बातचीत 22 अक्टूबर को दिल्ली में होगी। लेह में 24 सितंबर को हुई हिंसा के बाद से दोनों पक्षों में गतिरोध बना हुआ था। इसके पहले दोनों पक्षों के बीच मई में बातचीत हुई थी। लेह एपेक्स बॉडी के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे लाकरुक ने बताया कि बातचीत केंद्रीय गृह मंत्रालय की उपसमिति के साथ होगी। बैठक में एलएबी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के तीन-तीन प्रतिनिधि, लद्दाख के सांसद मोहम्मद हनीफा जान और उनके वकील शामिल होंगे। बातचीत का मुख्य एजेंडा राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची के तहत सुरक्षा की मांग रहेगी।

### 24 सितंबर की हिंसा में 4 लोगों की मौत हुई थी

लद्दाख के प्रतिनिधियों ने 24 सितंबर में हुई हिंसा के बाद 6 अक्टूबर की बैठक से दूरी बना ली थी। 24 सितंबर को लेह में एलएबी द्वारा बुलाई गई बंद के दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। 70 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया था। इस दौरान आंदोलन के प्रमुख चेहरे सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया गया था।

# संपादकीय

## ‘अयोध्या में उजाला, झोपड़ी में अंधेरा : किसके लिए है दीपावली?’

### सवाल जो दीपक की लौ में भी जलता है



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

हर साल जब दीपावली आती है, तो हर घर में दीप जलते हैं
पर क्या हर मन में सचमुच रोशनी होती है ?
जो समाज आज भी अपने हक़ की रोटी के लिए संघर्ष करता है, जो सैकड़ों वर्षों से धर्म, जाति और व्यवस्था की सीढ़ियों के नीचे दबा रहा , वह ‘राम के अयोध्या लौटने’ की खुशी क्यों मनाए ?
क्या उस लौटने में उसका भी कोई हिस्सा था ?
यह सवाल सिर्फ़ उत्सव का नहीं, सामाजिक चेतना का प्रश्न है।
इतिहास का दूसरा पक्ष — जब उत्सव शोषण का प्रतीक बन गया
राम का लौटना दरअसल राजसत्ता की पुनर्स्थापना था।
‘राजा’ आया, ‘राजतिलक’ हुआ, और सत्ता फिर से सिंहासन पर बैठ गई।
पर जिन निषादों, भीलों, शबरों ने उन्हें जंगलों में रास्ता दिखाया, जिन आदिवासियों ने उन्हें भोजन और आश्रय दिया, जिन ‘पिछड़ों’ ने उनकी सेवा की, वह सब इतिहास के हाशिए पर छोड़ दिए गए।
शबर जाति की शबरी ने जो प्रेम दिया, वह अब पूजा जाता है, पर शबर समाज आज भी उपेक्षा और भेदभाव झेल रहा है।
निषादराज गुह, जिसने राम के लिए अपनी नाव और दिल दोनों दे दिए, वह ‘भक्त’ कहलाया, सहभागी नहीं।
एकलव्य ने गुरु–दक्षिणा में अपना अंगूठा काट दिया, क्योंकि व्यवस्था को डर था कि अगर ‘शूद्र’ धनुर्विद्या में आगे बढ़ गया, तो ‘श्रेष्ठता’ की दीवार ढह जाएगी।
सम्भूक, जिसने केवल ध्यान करने की इच्छा रखी, उसे धर्म के नाम पर वध कर दिया गया , क्योंकि ज्ञान और साधना को भी जाति की सीमा में बाँध दिया गया था।
फिर बताइए ?
दीप किसके नाम का जला ?
राजा के लौटने का या उस सम्भूक के बलिदान का
जिसकी आत्मा आज भी न्याय की प्रतीक्षा कर रही है ?

### ब्राह्मणवादी व्याख्या बनाम जनवादी सच्चाई

ब्राह्मणवाद ने हर युग में उत्सवों को सत्ता का औज़ार बनाया।
जहाँ ‘राजा’ को ईश्वर कहा गया,
और ‘श्रमिक’ को उसका सेवक।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर ने कहा था –

‘धर्म ने समानता देनी थी, उसने गुलामी दी।’

### ओशो ने चेताया था –

जब तक तुम सवाल नहीं करोगे,
तुम्हें अंधविश्वास की जंजीरों में बाँधे रखा जाएगा।
और यही दीपावली का असली विरोधाभास है
जहाँ अंधकार को प्रकाश कहकर महिमामंडित किया गया।
जहाँ तेल खत्म नहीं हुआ, पर विवेक खत्म कर दिया गया।
असली दीपक — विचार का दीपक

### जब बुद्ध ने कहा –

‘अप्प दीपो भव’ — स्वयं अपना दीपक बनो,
तो उनका आशय यही था कि
दूसरों की कथा मत जियो,
अपनी चेतना से मार्ग बनाओ।

पर हमने वही कथाएँ ढो दीं
जहाँ राजा नायक है और मजदूर गुमनाम।
जहाँ त्यौहार का केंद्र महल है, झोपड़ी नहीं।

पटाखों की गूंज में किसान की आह दब जाती है,
और झालरों की चमक में सफाईकर्मी की थकान छिप जाती है।
मंदिर जगमगाते हैं,
पर जिसने मंदिर बनाए, उसके घर अंधेरा रहता है।

### पिछड़े दीप क्यों जलाते हैं?

क्योंकि उन्हें बताया गया कि यह ‘सबका उत्सव’ है।
क्योंकि धर्म ने उन्हें प्रतीक दिए, अधिकार नहीं।
क्योंकि उन्हें ‘त्योहार’ के नाम पर बराबरी का भ्रम दिया गया।

### डॉ. आंबेडकर ने कहा था –

‘जिस धर्म में समानता नहीं,
उसमें रहना आत्महत्या है।’
और यही आत्मघात है
जहाँ समाज का सबसे शोषित वर्ग
उसी व्यवस्था का उत्सव मनाता है
जिसने उसे सदियों तक अंधेरे में रखा।

### रोशनी का असली अर्थ

दीपावली का अर्थ ‘प्रकाश’ है
पर असली प्रकाश वह नहीं जो तेल से जलता है,
बल्कि वह जो विचार से प्रज्वलित होता है।

### जिस दिन पिछड़ा, दलित, किसान, मजदूर यह सवाल पूछ लेगा

‘मेरे हिस्से की रोशनी कहाँ है ?’
उस दिन भारत की असली दीपावली मनेगी।
असली दीपक वह है जो व्यवस्था को जलाए
जब तक अंधविश्वास के दीप जलते रहेंगे,
पिछड़े पिछड़े ही रहेंगे।
पर जिस दिन वे विचार का दीप जलाएँगे,
उस दिन वे इतिहास नहीं, भविष्य लिखेंगे।
सच्ची दीपावली तब होगी
जब अयोध्या के साथ झोपड़ी भी उजलेगी,
जब हर घर में सिर्फ़ दीया नहीं,
समानता की लौ जलेगी।

‘अंधेरे से लड़ने का सबसे सुंदर तरीका दीया जलाना नहीं दीया बनना है।’

यह दीप अगर किसी के लिए जले — तो सम्भूक, एकलव्य, शबरी, निषादराज और उन सभी के लिए जले जिन्होंने व्यवस्था के अंधकार में भी अपने अस्तित्व की ज्योति बुझने नहीं दी।

# तालिबान से सम्बन्ध अर्थात घोर अतिवादी विचारधारा से समझौता

तनवीर जाफ़री



अफ़ग़ानिस्तान की तालिबानी सरकार के विदेश मंत्री अमीर ख़ान मुत्तक़ी ने पिछले दिनों भारत का एक सप्ताह का दौरा किया। अगस्त 2021 में तालिबान के जबरन सत्ता में आने के बाद किसी शीर्ष तालिबानी नेता की पहली आधिकारिक यात्रा थी। मुत्तक़ी संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंधित सूची में शामिल थे, इसलिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की तालिबान प्रतिबंध समिति ने उन्हें केवल भारत यात्रा के लिए विशेष छूट दी थी। ग़ौरतलब है कि 2021 में भारत ने तालिबान शासन के बाद काबुल में अपना दूतावास बंद कर दिया था। परंतु पिछले गत जनवरी 2025 में भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री की दुबई में मुत्तकी से हुई मुलाक़ात और फिर मई 2025 में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की मुत्तकी से फोन पर हुई बातचीत के बाद ही उनके भारत दौरे का रास्ता साफ़ हो गया था। 2021 में अफ़ग़ानिस्तान की लोकतान्त्रिक सरकार से जबरन सत्ता हथियाने वाले तालिबानों को अब तक केवल रूस ने ही मान्यता दी है। वर्तमान तालिबानी शासन को भारत ने भी अभी तक मान्यता नहीं दी है। इसके बावजूद तालिबान से व्यापार, विकास,सहायता, और सुरक्षा जैसे विषयों को लेकर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध मज़बूत करने की बात करना और कल तक मानवता विरोधी कुकृत्य करने वाले कुख्यात आतंकी संगठन के रहनुमाओं से हाथ मिलाना दुश्मन का दुश्मन अपना दोस्त की नीति के अंतर्गत भले ही ठीक नज़र आता हो परन्तु तालिबानों के ज़ुल्म व अत्याचार की सूची इतनी लंबी है कि इन वैचारिक आतंकियों को न तो कभी मुआफ़ किया जा सकता है न ही इनपर विश्वास किया जा सकता है। यही वजह है कि भले ही भारत सरकार ने तालिबानी नेता व उसके साथ आये प्रतिनिधिमंडल का स्वागत क्यों न किया हो परन्तु देश का एक बड़ा वर्ग भारत तालिबान रिश्तों को लेकर ख़ुश नहीं बल्कि नाख़ुश नज़र आया।

दरअसल पूर्व में ओसामा बिन लादेन व मुल्ला उमर के संरक्षण में इन्हीं तालिबानों ने आतंक तथा अपनी घोर कट्टरपंथी विचारधारा का वह घिनौना इतिहास लिखा है जिसे दुनिया कभी भुला नहीं सकती। याद कीजिये फ़रवरी 2001 में तालिबान के सर्वोच्च नेता मुल्ला मोहम्मद उमर द्वारा जारी किया गया वह फ़रमान जिसमें उसने अफ़ग़ानिस्तान में मौजूद सभी मूर्तियों को नष्ट किये जाने जैसा वैमन्सयपूर्ण आदेश जारी किया था। इसी आदेश के बाद तालिबानी लड़ाकों द्वारा अफ़ग़ानिस्तान की बामियान घाटी में छठी शताब्दी ईस्वी में चट्टानों में तराशी गई दो विशालकाय बुद्ध मूर्तियों को तोपों और एंटी–एयरक्राफ़्ट गनों से ध्वस्त कर दिया गया था ?

यह दुनिया की सबसे ऊँची खड़ी बुद्ध प्रतिमाओं में से एक थीं जिनकी ऊँचाई क्रमश: 180 व 125 फ़ीट थी। तालिबान के इस दुस्साहस ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया था। क्योंकि ये मूर्तियाँ 1,500 वर्ष पुरानी थीं और मानव इतिहास का एक अहम हिस्सा थीं।

तालिबान ने इस दौरान अफ़ग़ानिस्तान के राष्ट्रीय संग्रहालय में रखी अन्य बौद्ध कलाकृतियों को भी नष्ट किया था। तालिबान के इस क़दम से पूरे विश्व में आक्रोश पैदा हो गया था। संयुक्त राष्ट्र, यूनेस्को, भारत, जापान, श्रीलंका और अन्य कई देशों द्वारा इस तालिबानी कुकृत्य की घोर निंदा की गयी थी। यूनेस्को ने इसे तालिबान द्वारा किया गया सांस्कृतिक अपराध बताया था। क्या इस घटना को भुलाया जा सकता है जोकि इन्हीं तालिबानों की नफ़रती सोच व विचारधारा के तहत अंजाम दी गयी थी ?

क्या देश 24 दिसंबर 1999 को अंजाम दिये गये उस कंधार विमान अपहरण कांड को भूल सकता है जिसमें काठमांडू से नई दिल्ली आने वाली इंडियन एयरलाइंस की फ़्लाइट IC–814 का अपहरण पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन हरकत–उल–मुजाहिदीन द्वारा किया गया था। इस विमान में 176 यात्री और 15 चालक दल के सदस्य सहित कुल 191 लोग सवार थे।

अपहरणकर्ताओं द्वारा यह विमान अमृतसर,लाहौर व दुबई के बाद अंत में अफ़ग़ानिस्तान के कंधार ले जाया गया था जो उस समय तालिबान के नियंत्रण में था। कंधार विमान अपहरण कांड एक ऐसी घटना थी जिसने भारत की सुरक्षा नीतियों, आतंकवाद से निपटने की रणनीति और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर गहरा प्रभाव डाला था।

यह घटना आज भी आतंकवाद के ख़िलाफ़ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में देखी जाती है। इसी विमान अपहरण के बाद भारत सरकार को भारतीय जेलों में बंद मसूद अज़हर,अहमद उमर सईद शेख़ व मुश्ताक़ अहमद ज़रगर जैसे दुर्दांत आतंकियों की रिहाई करनी पड़ी थी। इस पूरे प्रकरण को अंजाम तक पहुँचाने में तालिबानों ने ही अपहरणकर्ताओं के पक्ष में अहम किरदार निभाया था। इसीलिए अपहरणकर्ता विमान को अंत में कंधार ले गए थे। क्या देश इस हादसे को कभी भुला सकता है ?

महिलाओं को लेकर तालिबानों की विकृत व अमानवीय सोच से भी दुनिया भलीभांति वाक़िफ़ है। यह तालिबान ही तो थे जिन्होंने 9 अक्टूबर 2012 को, पश्तून परिवार से संबंध रखने वाली 15 वर्षीय मलाला यूसुफ़ज़ई को उस समय उसका नाम पूछकर गोली मारी थी जबकि वह स्वात ज़िले में परीक्षा देकर स्कूल बस से अपने घर लौट रही थीं। याद कीजिये उस समय एक नक़ाबपोश तालिबानी बंदूक़धारी उस बस में चढ़ा और चिल्लाया, तुम में से कौन मलाला है ? बोलो, वरना मैं सबको गोली मार दूँगा। मलाला की पहचान होने पर उसने मलाला को बाएँ आँख के पास से गोली मारी, जो उनके गर्दन से होकर कंधे में जा लगी।

इसी हमले में कायनात रियाज़ व शाज़िया रमज़ान नाम की दो अन्य स्कूली लड़कियां भी घायल हुई थीं। यह हमला तालिबान द्वारा मलाला की शिक्षा संबंधी सक्रियता के विरुद्ध था। उस समय तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान के प्रवक्ता ने इस घटना की ज़िम्मेदारी लेते हुये यह कहा था कि मलाला काफ़िरों की प्रतीक हैं और इस्लाम विरोधी विचार फैला रही है। यह तालिबान ही हैं जिन्होंने लड़कियों के सैकड़ों स्कूल्स या तो उड़ा दिया या उनमें आग लगा दी।

शिक्षा को लेकर तालिबानी सोच जगज़ाहिर है। इनके शासन में छठी कक्षा के बाद लड़कियां माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकतीं। विश्वविद्यालयों में भी महिलाओं का प्रवेश बंद है, और अब महिलाओं द्वारा लिखी किताबों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।आज अफ़ग़ानिस्तान में लगभग 11 लाख लड़कियां स्कूल से बाहर हैं। आज अफ़ग़ानिस्तान दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां लड़कियों की शिक्षा पर पूर्ण प्रतिबंध है। इससे न केवल बाल विवाह बढ़े हैं बल्कि महिलाओं का साक्षरता स्तर घटकर 30त्न से नीचे आ गया है। इतना ही नहीं बल्कि महिलाओं को अधिकांश नौकरियों से निकाल दिया गया है। सिविल सेवा, ग़ैर सरकारी संगठनों, मीडिया और सैलून आदि क्षेत्रों में महिलाओं का काम पूरी तरह बंद है। महिलाओं को चिकित्सा शिक्षा से भी वंचित रखा गया है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। अफ़ग़ानिस्तान में पहले से ही मातृ मृत्यु दर दुनिया में सबसे अधिक थी और अब यह और बढ़ गई है।


तालिबान का महिला विरोधी चरित्र दिल्ली में भी पिछले दिनों उस समय देखने को मिला जबकि तालिबान के विदेश मंत्री अमीर ख़ान मुत्तक़ी की पहली प्रेस कॉन्फ़्रेंस में महिलाओं को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गयी। परन्तु विश्वव्यापी आलोचना के बाद दूसरे दिन महिला पत्रकारों को प्रवेश की अनुमति देनी पड़ी। आतंकवादी व अतिवादी विचार के लोग चाहे वे अफ़ग़ानिस्तान में हों पाकिस्तान में या दुनिया के किसी भी देश में हों यह सभी मानवता के दुश्मन हैं।

आश्चर्य इस बात का भी है कि वर्तमान भारत सरकार जिसके नेता स्वयं कभी तालिबानों को पानी पी कर कोसा करते थे वही आज इनका स्वागत करते व इनसे रिश्ते सुधारते नज़र आ रहे हैं ? और गोदी मीडिया इन नापाक रिश्तों के फ़ायदे गिनाता फिर रहा है ?

जबकि वास्तव में तालिबान से सम्बन्ध बनाने का दूसरा अर्थ है घोर अतिवादी विचारधारा से समझौता।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3686




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3685 का हल



## हंसी के फूव्वारें

पूजा में पण्डितजी ने बच्चों को लड्डू दिया और कहा-इसे हवन कुण्ड में डालों और कहो स्वाहा. बच्चों ने लड्डू मुंह में डाल लिया और कहा - आहा.

एक लड़का पार्क में साइकिल चला रहा था . उसकी मां बड़े गर्व से उसे देख रही थी. पहले चक्कर में मां के पास आने पर लड़के ने कहा,‘देखिये मम्मी, हाथों के बिना.’ दूसरे चक्कर में बोला,‘देखिये मम्मी, पैरों के बिना.’ तीसरे चक्कर में वह चिल्लाया, ‘देखिये मम्मी, दांतों के बिना.’

एक खूबसूरत लड़की बस स्टॉप पर खड़ी था, एक नौजवान बोला-चांद तो रात को निकलता है, आज दिन में कैसे निकल आया? लड़की बड़ी हाजिरजवाब थी. बोली- अरे उल्लू तो रात को बोलता था, आज दिन में कैसे बोल रहा है ?

मास्टरजी: (व्याकरण पढ़ाते हुए) एक ऐसा वाक्य बताओ जिसमें वर्तमानकाल, भूतकाल और भविष्यकाल तीनों आ जायें.
छात्र: सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था, आज भी है, और कल भी रहेगा.

जज: (चोर से) तुम्हें बार-बार कचहरी में आते लज्जा नहीं आती ?
चोर: हुजूर मैं तो साल में एक बार ही आता हूँ मगर आप तो रोज ही आते हैं.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3686



### बायें से दायें:-

१. ‘किसी नजर को तेरा’ गीत वाली राज बब्बर, सुरेश, डिम्पल की फिल्म-४
३. बॉबी, लारा, गुल पनाग की ‘मैं यहां तू कहां’ गीत वाली फिल्म-२
५. जैकी श्राफ, अनिलकपूर, श्रीदेवी की ‘ना जइयो परदेस’ गीत वाली फिल्म-२
६. सनी, मीनाक्षी, ममता की फिल्म-३
८. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की ‘छेड़ ना मुझ को’ गीत वाली फिल्म-३
९. फिल्म ‘आखिरी डाकू’ में नायिका-२,२
११. ‘बेदर्दी तेरे प्यार ने’ गीत वाली फिल्म-२
१२. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
१३. शशिकपूर, शबाना आजमी की ‘तोता मैना की कहानी तो’ गीतवाली फिल्म-३
१४. फिल्म ‘बारिश’ में नायिका कौन थी-२
१५. सलमान, नगमा की ‘कैसा लगता है अच्छा लगता है’ गीत वाली फिल्म-२
१६. ‘तू कितने बरस की’ गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१७. फिल्म ‘निगाहें’ में नायक कौन था-२
१९. ‘नचना तेरे नाल’ गीत वाली फिल्म-२
२१. धारावाहिक ‘एहसास’ में ‘तराना’ द्वारा निभाया गया बड़ी बहू का पात्र-३
२२. ‘पुलिस केस ना’ गीत वाली जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की फिल्म-३
२४. अमिताभ, वहीदा, जीनत, की ‘हर गोरी रानी यहाँ’ गीत वाली फिल्म-३
२६. ‘पराई हूँ पराई’ गीत वाली शशिकपूर, आशा की फिल्म-४
२८. संजयदत्त, पूनम की ‘तेरे दिल की तू जाने’ गीत वाली फिल्म-२
२९. ‘बाबूल का ये घर बहना’ गीत वाली मिथुन, पद्मिनी की फिल्म-२
३०. राजबब्बर, रेखा की ‘राधारानी ना जइयो जमुना’ गीत वाली फिल्म-३
३१. सलमान, स्नेहा की एक फिल्म-२
३२. फारूख शेख, पूनम की ‘चोरी चोरी कोई आये’ गीत वाली फिल्म-२

### ऊपर से नीचे:-

१. अक्षयकुमार, करीना, प्रियंका की ‘नजर आ रहा है’ गीत वाली फिल्म-४
२. ‘आँखों के रस्ते दिल में’ गीत वाली बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. ‘मिर्ची ये मिर्ची’ गीत वाली फिल्म-३
४. ‘दुल्हन बनती हैं नसीबों वालियां’ गीत वाली रणधीर कपूर, बबीता की फिल्म-२
५. अनिलकपूर, अक्षयकुमार वाली फिल्म ‘बेवफा’ की नायिका कौन है-३
६. ‘डोन्ट से नो’ गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
७. ‘जैसी करनी वैसी भरनी’ गीत वाली राजकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की फिल्म-४
१०. गोविंदा, करिश्मा की ‘अआ ई उ ऊ ओ मेरा दिल ना तोड़ो’ गीत वाली फिल्म-२,२
११. ‘बचके मेरी जान बचके’ गीत वाली मिथुन, शत्रुघ्न, अनिता राज, हेमा की फिल्म-४
१३. ‘बार बार दिन ये आये’ गीत वाली फिल्म-२
१६. ‘तिनका तिनका जरा जरा’ गीत वाली जॉन अब्राहम, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-३
१८. राजकुमार, मनोजकुमार, वहीदा की ‘खाली डब्बा खाली बोतल’ गीत वाली फिल्म-५
२०. ‘टपका रे टपका’ गीत वाली संजयदत्त, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
२३. ‘ये लड़की जरा सी दीवानी’ गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२५. नसीरूद्दीनशाह, रंजीता, स्मिता पाटिल की ‘तू क्या जाने तुझमें’ गीत वाली फिल्म-३
२७. ‘दिल के टुकड़े टुकड़े कर के’ गीत वाली अमजद खान, बिंदियागोस्वामी की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3685



## सूडोकु -3686

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3685 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

## शब्द पहेली - 3686



### बाएँ से दाएँ

1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

### ऊपर से नीचे

1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

### शब्द पहेली -3685 का हल



# ग्रेटर नोएडा में परिवहन व्यवस्था ठप

## दीपावली पर हजारों यात्री सड़कों पर फंसे, बसों का घंटों कर रहे इंतजार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में दीपावली के त्योहार पर ग्रेटर नोएडा में परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। एनएच-91, परी चौक, यमुना एक्सप्रेसवे और जेवर समेत शहर के प्रमुख स्थानों पर सैकड़ों यात्री, जिनमें महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चे शामिल हैं, घंटों से बसों का इंतजार कर रहे हैं।



स्थानीय यात्रियों का कहना है कि जो बसें उपलब्ध हैं, वे पहले से ही पूरी तरह भरी हुई हैं। कई बसें बिना रुके आगे बढ़ रही हैं, और जो रुक रही हैं, उनमें यात्रियों के बैठने की जगह नहीं है। यात्रियों ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि त्योहार के मद्देनजर बढ़ी हुई भीड़ को देखते हुए कोई अतिरिक्त बस सेवा या प्रबंध नहीं किया गया।

यात्री ग्रेटर नोएडा से लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, फैजाबाद, प्रयागराज, अलीगढ़, गोरखपुर, मथुरा और आगरा सहित विभिन्न शहरों के लिए यात्रा कर रहे हैं। घर लौटने की उम्मीद में निकले कई यात्री बीच रास्ते में ही फंस गए हैं। परी चौक पर खड़ी रेखा देवी ने बताया, मैं रविवार सुबह 7 बजे से बच्चों के साथ खड़ी हूं, लेकिन 11 बजे तक हमें कोई बस नहीं मिली।

परिवहन अव्यवस्था को देखते हुए स्थानीय पुलिसकर्मी यात्रियों को शांत रखने और यातायात नियंत्रित करने के लिए तैनात हैं। हालांकि पर्याप्त बसों की उपलब्धता की मूल समस्या अब भी बरकरार है।

स्थानीय नागरिकों और यात्री यूपीएसआरटीसी (उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम) और परिवहन विभाग से बस व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग कर रहे हैं। प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं कि त्योहारों के दौरान परिवहन सेवाओं की अग्रिम योजना और प्रबंधन में कमी क्यों रही।

# ग्रेटर नोएडा में कुत्ते विवाद में दंपति पर हमला

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दादूपुर गांव में कुत्ते को लेकर हुए विवाद में एक दंपति पर हमला किया गया।

पड़ोसियों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। दंपति का ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने रविवार शाम दो लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस को दी गई शिकायत में गांव निवासी राजकुमारी ने बताया कि शनिवार को उनके घर में पड़ोस के एक व्यक्ति के दो कुत्ते घुस गए थे। राजकुमारी का आरोप है कि ये कुत्ते काटते हैं। जब उन्होंने पड़ोसी से इस बात का विरोध किया, तो आरोपी ने अपने परिवार के एक अन्य सदस्य के साथ मिलकर गाली-गलौज की।

आरोप है कि इसी विवाद के चलते रविवार सुबह आरोपियों ने राजकुमारी और उनके पति सीताराम पर घर में घुसकर हमला कर दिया। लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से किए गए इस हमले में दंपति बुरी तरह लहूलुहान हो गए।

उन्हें तुरंत ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। राजकुमारी ने इस मामले में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।

# शार्ट न्यूज

## मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में दलित युवकों पर हुए हमले और लूटपाट मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना चार दिन पहले हुई थी, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गुरुवार शाम को अंबेडकर मोहल्ला निवासी सुमित और अनिकेत एक जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे थे। तभी कुछ आरोपियों ने उन पर लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने 7 नामजद सहित कुल 12 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार थे। रविवार को पुलिस ने दबिश देकर युवराज और जितेंद्र उर्फ जीतू को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## शहर 11 लाख दीयों से जगमग होगा

**नोएडा।** शहर में आज यानी सोमवार को दीपावली के अवसर पर करीब 11 लाख दीयों से रोशनी का पर्व मनेगा। इसके लिए लोगों ने लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली है। ऐसे में उत्साह के संग दीपोत्सव मनाया जाएगा। वहीं रविवार को छोटी दीवाली पर भी लोगों ने दीये जलाकर पर्व मनाया। दरअसल, शहरवासियों ने छोटी दीवाली पर भी लोगों ने लाखों की संख्या में दीये जलाए। रोशनी के पर्व दीपावली को मनाने के लिए शहर के लोगों में उत्साह है। शहरवासी सामूहिक रूप से दिवाली का त्योहार मनाएंगे। शहर से लेकर गांव दीपों से जगमग होंगे। शहर की 200 से अधिक सोसाइटियों, सेक्टर और गांवों में सोमवार को करीब 11 लाख दीये जलाकर दीवाली ईको फ्रेंडली तरीके से मनाई जाएगी।सेक्टर-35 में दीये तैयार करने वाले कुम्हार पवन ने बताया कि उनका काम नवरात्र से ही शुरू हो जाता है। दीवाली के पांच दिन पहले तक वह 7 लाख दिए पूरे दिल्ली एनसीआर में बेच चुके हैं। वहीं इसी तरह सेक्टर-35 में दीये बनने वाले कुम्हार चन्नी ने बताया कि वह हर साल की तरह इस बार भी महीनों पहले दिया तैयार कर शुरू कर दिए थे। पिछले एक हफ्ते में उन्होंने हर प्रकार के डिजाइनर और सादे करीब 4 लाख से अधिक दिए बेच चुके हैं। उनके दिए गाजियाबाद, दिल्ली, ग्रेटर नोएडा समेत आस पास क्षेत्रों में बिकते हैं।

## सोसाइटी में लिफ्ट का रखरखाव खराब

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एम्स ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में लिफ्ट के रखरखाव में लापरवाही बरतने जाने से लोग परेशान हैं। आरोप है कि सोसाइटी के विभिन्न टावरों में लिफ्ट बंद है। वहीं, प्रबंधन से शिकायत की जाती है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। सोसाइटी में रहने वाले विशाल ने बताया कि परिसर में 500 से अधिक परिवार रहते हैं। हाई राइजिंग सोसाइटी में लिफ्ट लोगों की अहम जरूरत है। इसके रखरखाव में ही बिल्डर प्रबंधन द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। सोसाइटी के कई टावरों में दो से तीन महीने तक लिफ्ट बंद रहती है, जिसको लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई करने को तैयार नहीं है।बाकी जो लिफ्ट टावर में संचालित हैं, उनमें से अजीब तरह की आवाज आती है, जिसके कारण लिफ्ट का इस्तेमाल करते वक्त बच्चों और बुजुर्गों को अधिक डर लगता है। सोसाइटी में रहने वाले डीजी शुक्ला ने बताया कि डी टावर में दो लिफ्ट लगी हुई है, जिनमें से एक लिफ्ट पिछले एक साल से खराब है। टावर 15 से 20 मंजिला बने हुए हैं। वहीं, दूसरी संचालित हो रही लिफ्ट कभी भी बंद हो जाती है, जिसके कारण लोगों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में बुजुर्ग और बच्चों को अधिक समस्या होती है।

## ग्रेनो के गांवों में सेक्टरों की तर्ज पर सुविधाएं मिलेंगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के गांवों में नाली, सड़क, सीवर व जलापूर्ति सहित सभी जरूरी विकास कार्य अब एक साथ कराए जाएंगे। यह निर्णय इसलिए लिया गया है, ताकि बार- बार तोड़फोड़ न करनी पड़े। परियोजना विभाग को इससे संबंधित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इस पर काम शुरू हो गया है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक अधिसूचित क्षेत्र के कुछ गांवों को स्मार्ट विलेज के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में ग्रामीण विकास के लिए 515 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही ग्रामीण विकास के नाम पर एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) भी कराई गई है।अधिकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांवों में सेक्टरों की तर्ज पर सभी मूलभूत सुविधाएं अब एक साथ मुहैया कराई जाएंगी। योजना के तहत जिस गांव में विकास कार्य शुरू किया जाएगा,वहां सभी काम एक साथ कराने होंगे। पेयजल पाइप लाइन व सीवर लाइन बिछाने के बाद ही सड़क व नाली का निर्माण किया जाएगा, जिससे कि बाद में तोड़फोड़ न करनी पड़ी। अभी बिजली, जल, सीवर व परियोजना विभाग द्वारा अपने- अपने हिसाब से विकास कार्य कराए जाते हैं। ऐसे में दिक्कत होती है।

## एक महीने में 137 मोबाइल किए बरामद

**लोनी।** गाजियाबाद की ट्रांस हिण्डन जोन पुलिस और सर्विलांस टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने अलग-अलग कम्पनियों के कुल 137 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटा दिए हैं। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही है। सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर मोबाइल चोरी, लूट, स्नेचिंग और गुमशुदगी की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने यह कामयाबी हासिल की। सर्विलांस टीम ने साक्ष्यों और मैनुअल इनपुट की मदद से देश के अलग अलग राज्यों जैसे हरियाणा, बिहार, दिल्ली-एनसीआर आदि से मोबाइल फोन बरामद किए। थाना इंदिरापुरम से 18, थाना कौशांबी से 32, थाना खोड़ा से 18, थाना साहिबाबाद से 12, थाना लिंक रोड से 17, थाना शालीमार गार्डन से 28, थाना टीलामोड़ से 12, बरामद मोबाइलों में 128 गुमशुदगी, 5 चोरी, और 4 लूट/स्नेचिंग के मोबाइल शामिल हैं। ट्रांस हिण्डन जोन पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित नागरिकों के चेहरों पर खुशी लौट आई है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी ताकि लोगों को उनकी कीमती मोबाइल वापस मिल सकें और अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

## नाबालिग से रेप करने वाला टीचर गिरफ्तार

**लोनी।** गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने नाबालिक स्कूली छात्रा के साथ रेप करने के आरोप में फरार चल रहे ट्यूशन टीचर को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी टीचर के खिलाफ पॉक्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। दरअसल 18 अक्टूबर को पीड़िता ने थाने में शिकायत देते हुए बताया कि उसके साथ ट्यूशन टीचर ने शारीरिक शोषण किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में तथ्य सही पाए जाने के बाद पुलिस ने आरोपी रोहित कुमार को थाना लोनी बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रोहित कुमार ने पुलिस पूछताछ में बताया कि 15 साल की छात्रा उसके यहां 9 महीने से ट्यूशन पढ़ने आती है। इसकी का फायदा उठा कर उसने साथ रेप किया और किसी को ना बताने की धमकी भी दी। एसएचओ लोनी बॉर्डर ने बताया कि आरोपी रोहित लाइब्रेरी संचालक है और प्राइवेट ट्यूशन भी पढ़ाता है। छात्रा भी इसके यहां ट्यूशन पढ़ने जाती थी। रोहित की काफी लंबे समय से छात्रा के ऊपर गंदी नीयत थी। आरोपी रोहित पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। थाना प्रभारी लोनी बॉर्डर ने कहा कि नाबालिगों के साथ किसी भी प्रकार के अपराध पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

# ग्रेटर नोएडा में महिला ने सिक्योरिटी गार्ड को पीटा

## प्रेसिथम सोसाइटी का मामला, वीडियो सामने आते ही केस दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के प्रेसिथम सोसायटी में एक महिला द्वारा सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट करने का मामला सामने आया है। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पीड़ित सिक्योरिटी गार्ड राजकुमार यादव ने आरोपी महिला अंजू शर्मा के खिलाफ दनकौर कोतवाली में शनिवार रात शिकायत दर्ज कराई है।

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर निवासी राजकुमार यादव एक सिक्योरिटी एजेंसी में कार्यरत हैं। पिछले लगभग एक महीने से उनकी ड्यूटी यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 25 स्थित प्रेसिथम सोसाइटी के टावर-7 में लगी हुई है। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम को ड्यूटी के दौरान सोसायटी निवासी अंजू शर्मा वहां पहुंची और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला ने गार्ड को पीटते हुए सोसायटी से बाहर तक घसीटा। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया, लेकिन आरोपी महिला ने उनके साथ भी अभद्रता की। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

राजकुमार यादव ने घटना के बाद सोसाइटी के अन्य लोगों के साथ दनकौर कोतवाली पहुंचकर अंजू शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# नोएडा में दो कंपनियों पर 10-10 लाख का जुर्माना

## एनजीटी के नियमों का किया उल्लंघन, खुले में रखी थी कंस्ट्रक्शन सामग्री

**नोएडा।** बढ़ते प्रदूषण के चलते नोएडा में ग्रेप की पहली स्टेज लागू है। निगरानी के लिए प्राधिकरण के साथ क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम लगातार काम कर रही है। ऐसे में ग्रेप-1 के नियमों का उल्ल्घंन करने पर दो निर्माणाधीन परियोजनाओं पर 10-10 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसमें पहली आईएसजीईसी हैवी लिमिटेड प्लाट नंबर-4 सेक्टर-142 नोएडा है। वहीं दूसरी एक्सप्रेस इंफ्रा वे प्लाट नंबर आईसी सेक्टर-142 है।



निरीक्षण में पाया गया कि दोनों ही कंपनियों में कंस्ट्रक्शन कार्य चल रहा था। निर्माणाधीन सामग्री रोड के किनारे खुले में रखी गई है। जिस पर ग्रीन नेट कवरिंग और समुचित जल का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। दोनों ही स्थानों पर एनटीजी के नियमों का खुला उल्ल्घंन हो रहा था। ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भारी भरकम जुर्माना लगाया गया। इस तरह का जुर्माना आगे भी लगाया जाएगा।

दिल्ली एनसीआर एवं आस-पास के क्षेत्र एक्यूआई स्तर खराब श्रेणी में पहुंचने के बाद शहर में ग्रेप-1 लागू कर दिया गया है। प्रदूषण कम करने के लिए प्राधिकरण की 14 टीमों द्वारा सेक्टर और गांवों में निरीक्षण किया जा रहा है। जिसमें लोगों को ग्रेप की गाइड लाइन व एनजीटी के नियमों के अनुपालन के संबंध में जागरूक किया गया। नोएडा क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी मुख्य सड़कों पर 20 टैंकर व 10 ट्रक माउंटेड एंटी स्मॉग गन के माध्यम से 120 किमी लंबाई में शोधित जल का छिड़काव किया गया।

### 14 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन लगाई

जिससे सड़कों पर उड़ने वाली धूल पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर रूप से 14 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों के माध्यम से 340 किमी मुख्य मार्गों पर वायु प्रदूषण नियंत्रण कराया गया। उद्यान विभाग द्वारा 05 टैंकरों के माध्यम सेंट्रल वर्ज पर लगे पेड-पौधे आदि की धुलाई का कार्य कराया गया।

### निर्माण स्थलों पर एंटी स्मॉग गन

50 नग एंटी स्मॉग गन मशीनों का संचालन निर्माणाधीन साइटों पर किया जा रहा है। प्राधिकरण की 14 टीमों द्वारा रोजाना वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए विभिन्न निर्माण परियोजनाओं, मार्गों एवं खुले क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

जिन निर्माण स्थलों पर निर्माण सामग्री को ग्रीन नेट से ढककर, पानी का छिड़काव व निर्माण स्थलों के चारों ओर मेट्रो शीट, ग्रीन कारपेट से ढका गया।

# पलवल में लूटपाट का आरोपी 6 साल बाद गिरफ्तार

## ओएलएक्स पर कार बेचने का दिया था विज्ञापन, नोएडा के युवक को हथियार दिखाकर लूटा था

**पलवल।** पलवल के एंटी व्हीकल थेफ्ट (एवीटी) स्टाफ ने वर्ष 2019 में ओएलएक्स पर कार खरीदने का विज्ञापन देकर हुई लूटपाट के मामले में छह साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए बहीन थाना पुलिस को सौंप दिया गया है।



एवीटी स्टाफ प्रभारी विश्व गौरव ने बताया कि यह मामला 18 जून 2019 का है। नोएडा के सेक्टर-55 निवासी दीपक सिंह ने पलवल के बहीन थाना पुलिस को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया था कि ओएलएक्स पर कार का विज्ञापन देखने के बाद उन्होंने बेचने वाले से संपर्क किया और सौदा तय हो गया।

### वाहन देने की बात कहकर जंगल ले गया आरोपी

दीपक अपने साथी इमरान के साथ कार खरीदने के लिए बताए गए स्थान पर पहुंचे।

उन्हें कस्बा पुन्हाना और सिंगार गांव के बीच मोदीश कॉलेज के पास बुलाया गया था।

वहां से एक व्यक्ति उन्हें बाइक पर आगे-आगे चलते हुए पुन्हाना के रास्ते आलीमेव के जंगल में ले गया।

### हथियारों की नोक पर की थी लूटपाट

जंगल में पहले से ही पांच-छह व्यक्ति अवैध हथियारों के साथ मौजूद थे। आरोपियों ने दोनों युवकों को हथियारों के बल पर धमकाया और उनसे जबरन 2 लाख 20 हजार रुपये नकद, दो सोने की अंगूठी और तीन फोन लूट लिए।

### लूटे पैसे और मोबाइल पहले ही बरामद

एवीटी हथीन प्रभारी ने बताया कि इस मामले में पुलिस पहले ही शकील, आजम, तालीम और रफीक को गिरफ्तार कर चुकी है।

उनसे लूटे गए रुपए, मोबाइल और हथियार भी बरामद किए गए थे। अब, इस मामले में तिलवाड़ा निवासी तोहिद को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ लूट सहित कई अन्य गंभीर मामले भी दर्ज हैं।

# चोरी हुई बाइक खोज रहा युवक हादसे में घायल

**ग्रेटर नोएडा।** इकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र के एक होटल से चोरी हुई बाइक को खोजने निकला एक युवक सड़क हादसे में घायल हो गया। उसके हाथ पैरों में काफी चोट आई है, पीड़ित का अस्पताल में उपचार चल रहा है। हबीबपुर निवासी सचिन कुमार ने बताया कि वह 11 अक्टूबर की रात वह अपने दोस्त उदेश, संदीप, मंजीत, सुनील सिंह और दीपक के साथ होटल श्री जी हल्द्वानी में पार्टी कर रहा था। इसी होटल में गाजियाबाद निवासी पुनीत और उसका दोस्त चंद्रशेखर उर्फ शेखर भी ठहरे हुए थे। रात करीब ढाई बजे जब वह बाहर निकले तो बाहर खड़ी दोस्त सुनील की बाइक गायब मिली।उसी समय होटल में रुके दोनों युवक भी लापता थे, जिससे उन पर चोरी का शक हुआ। इसके बाद दीपक बाइक की तलाश में सूरजपुर की ओर गए।

जहां उसे झाड़ियों में फंसी बाइक दिखाई दी, लेकिन तेज रफ्तार के कारण दीपक फिसल गया और घायल हो गया। उसने फोन कर साथियों को सूचना दी। सचिन और अन्य साथी मौके पर पहुंचे और बाइक को ई-रिक्शा से वापस लेकर आए।

## दहेज हत्या प्रकरण में आरोपी को जमानत नहीं मिली

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय ने दहेज हत्या के एक मामले में आरोपी देवर आबिद की जमानत याचिका खारिज कर दी। वकील ने दलील पेश कि थी कि आरोपी आबिद परिवार से अलग रहता था, उसका घटना से कोई लेनादेना नहीं है, लेकिन कोर्ट ने उसकी अर्जी खारिज कर दी है। दनकौर क्षेत्र के मकनपुर खादर निवासी वादी शारुख ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अपनी दो बहनों सन्नो और शबनम की शादी वर्ष-2023 में मुस्लिम रीति-रिवाज से आमिर उर्फ कपिल और आबिद के साथ की थी। शादी पर लगभग 17 लाख रुपये खर्च किए गए थे। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही सन्नो को पति आमिर उर्फ कपिल, सास जन्नत, जेठ अर्जुन, देवर सुन्दर, शारुख और आबिद समेत अन्य परिजनों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।आरोपियों ने पांच लाख रुपये और एक कार की मांग की थी। मांग पूरी न होने पर सन्नो को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। 22 अगस्त 2025 को सभी आरोपियों ने मिलकर उसकी बहन का गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी आबिद की ओर से वकील ने दलील दी कि वह शादी के बाद अपने परिवार से अलग रह रहा था। मृतका से उसका कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद जमानत देने से मना कर दिया।

# 'खुशियों का दिया' : दीयों से चेहरों तक रौशनी फैलाने का प्रयास

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सेवियर ग्रीनार्क सोसाइटी में एथोमार्ट चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एक हृदयस्पर्शी पहल 'खुशियों का दिया' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग के बच्चों की शिक्षा एवं उत्सवों में खुशियाँ लाना है।

ईएमसीटी ज्ञानशाला के बच्चों द्वारा अपने हाथों से सजे और रंगे गए सुंदर दीयों की प्रदर्शनी लगाई गई। इन दीयों की बिक्री से प्राप्त धनराशि का उपयोग इन्हीं बच्चों की दीवाली को रोशन करने में किया जाएगा — जिसमें दीवाली उपहार, मिठाइयाँ और शैक्षणिक सामग्री प्रदान की जाएगी।



कार्यक्रम में समाज की महिलाओं और बच्चों का उत्साहपूर्ण सहयोग देखने को मिला।

विशेष रूप से सरिता सिंह, गरिमा श्रीवास्तव, रुचि जैन, शिवानी पाण्डेय, मीना, ध्रुवी गिरी, प्रिशा श्रीवास्तव, प्रतिभा, रेयांश और समर्थ गुर्जर की सक्रिय भागीदारी रही, साथ ही चाक एंड बोर्ड के नन्हे मुँन्हे बच्चे, जिन्होंने पूरे समर्पण और स्नेह से इस पहल को सफल बनाया।

इस अवसर पर समाजसेवी एवं ईएमसीटी की संस्थापक रश्मि पाण्डेय ने कहा — 'दीपावली केवल घरों में रोशनी करने का नहीं, बल्कि चेहरों पर मुस्कान लाने का पर्व है। जब ये बच्चे अपने बनाए दीये किसी के घर जगमगाते देखते हैं, तो उनके मन में जो आनंद होता है — वही सच्चा दीपोत्सव है।'

कार्यक्रम सेवियर ग्रीनार्च में आयोजित किया गया, जिसमें निवासियों और बच्चों ने मिलकर दीपों के माध्यम से खुशियों का संदेश फैलाया।

# पर्वों पर ट्रांसफार्मर फुंकने पर ट्रॉली ट्रांसफार्मर से दी जाएगी आपूर्ति

**नोएडा।** पर्वों के दौरान बिजली के ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद भी उपभोक्ताओं को तत्काल प्रभाव से बिजली सप्लाई देने के लिए टॉली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर दी गई है। इसके लिए जिले में 14 ट्रॉली ट्रांसफार्मर की जिले में विभिन्न स्थानों पर रखे गए है। सभी ट्रॉली ट्रांसफार्मर चार सौ केवी की क्षमता के हैं। जिले में विद्युत निगम के साढ़े तीन लाख से अधिक उपभोक्ताओं को दो सर्किलों के सात डिविजनों के माध्यम से बिजली सप्लाई मिलती है। पर्वों के दौरान निर्बाध आपूर्ति विद्युत निगम के लिए प्रथामिकता है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार आसासीय सेक्टरों में दीवाली पर्व में बिजली की मांग बढ़ जाती है।ऐसे में ट्रांसफार्मर फुंकने का भी खतरा बना रहता है। ऐसे में एक ट्रांसफार्मर को बदलने में न्यूनतम दो से तीन घंटे का समय लगता है।

कई बार फुंके हुए ट्रांसफार्मर को बदलने में पांच से छह घंटे तक का भी समय लग जाता है। इस दौरान उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। इसकी उपभोक्ता सोशल मीडिया के माध्यम से नो-पावर कट और नो-ट्रिपिंग जोन में लगातार कई घंटे तक बिजली कटौती की शिकायत करते हैं। इससे विद्युत निगम को काफी फजीहत का सामना करना पड़ता है। ऐसे में विद्युत निगम ने जिले में सेक्टर-18, 16, 20, 25, फेस-दो, दादरी, जेवर, दनकौर, रबुपूरा आदि कस्बों में ट्रॉली ट्रांसफार्मर के संग टीम तैनात कर दी है। ताकि ट्रांसफार्मर फुंकने पर तुरंत ही ट्रॉली ट्रांसफार्मर के माध्यम से सप्लाई शुरू की जा सके। इसके बाद फुंके हुए ट्रांसफार्मर को बदलने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके।

## महिला पर धर्मांतरण का दबाव बनाते चार गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** रुपये का लालच देकर महिला पर धर्मांतरण का दबाव बनाने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक कार और प्रचार सामग्री बरामद की गई। आरोपी ईसाई धर्म के प्रचारक बताए जा रहे हैं। डेल्टा-2 सेक्टर में कपिल गर्ग ने बताया कि वह एक नामी आईटी कंपनी में कार्यरत हैं। नौकरी के कारण अक्सर वह घर से बाहर रहते हैं। उनकी अनुपस्थिति में उनकी पत्नी रीतू गर्ग को कुछ लोग धर्मांतरण के लिए उकसाते थे। कपिल गर्ग शनिवार को घर लौटे तो देखा कि अनुज कुमार निवासी लखनऊ, सुनप्रीत, अर्चना गोगिया निवासी दिल्ली और सुनीता निवासी ओमीक्रॉन 3 बैठे हैं।

## प्रतिबंधित 50 बसों के चालान, कई वाहन जब्त

**नोएडा।** यातायात पुलिस इन दिनों डग्गामार बसों के खिलाफ सख्ती बरत रही है। पिछले 15 दिन में 50 से अधिक बसों के चालान पुलिस ने किए हैं। कुछ बसों को सीज भी किया गया है। शहर में अलग-अलग रूट पर काफी डग्गामार बसें चल रही हैं। इनके अलावा नोएडा-ग्रेनो से यमुना एक्सप्रेसवे होते हुए भी लंबे रूट पर बसें चलती हैं। बिना परमिट और नियमों का उल्लंघन कर चल रहीं बसों के खिलाफ यातायात पुलिस इन दिनों सख्ती बरत रही है। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि पिछले 15 दिन में ही 50 से अधिक बसों के चालान किए जा चुके हैं।अधिकारियों ने बताया कि खासतौर से चिल्ला बॉर्डर, सेक्टर-37 और परी चौक पर बसों की खासतौर से चेकिंग की जाती है। चेकिंग के दौरान परमिट के अलावा बसों की फिटनेस भी जांची जाती है। पुलिस का प्रयास है कि सवारियों से संबंधित सुरक्षा मामले में कोई लापरवाही न बरती जाए। वहीं दूसरी ओर यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने पर रविवार को 6193 वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की। इनमें मैनुअल तरीके से 2715 और कैमरों के जरिए 3478 वाहनों के चालान किए गए। इसके अलावा कागजात नहीं होने पर 9 वाहन सीज किए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार को अलग-अलग अभियान चलाकर हेलमेट नहीं पहनने पर 2290, तीन सवारी बैठाने पर 267 और विपरीत दिशा में चलने पर 657 वाहनों के चालान किए।

# ईको और बस की आमने-सामने टक्कर में तीन की मौत, दस लोग गंभीर रूप से घायल

## धान कटाई कर वापस लौट रहे मजदूरों पर टूटा दीपावली से पहले दुखों का पहाड़, गांवों में छाया मातम

**बीसलपुर।** दीपावली से एक दिन पहले बरेली-बीसलपुर हाइवे पर शनिवार तड़के हुए दर्दनाक सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि ईको कार बस के भीतर जा घुसी और शवों को निकालने में पुलिस व फायर टीम को दो घंटे से अधिक का समय लग गया।

हादसा मरेला चौकी के पास मिर्ची ढाबा के निकट रात करीब डेढ़ बजे हुआ। बताया गया कि बरेली की ओर से बीसलपुर आ रही एक ईको कार और बीसलपुर की ओर से जा रही बस की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। ईको




कार में 13 लोग सवार थे, जो धान की कटाई कर मथुरा से घर लौट रहे मजदूर थे।हादसे में राकेश (30 वर्ष) पुत्र विजय बहादुर निवासी पकड़िया ता. दियोरिया, गौरव (19 वर्ष) पुत्र सियाराम निवासी लभौआ, तथा जितेंद्र (32 वर्ष) पुत्र मनुराम निवासी परेवा तुर्राह की मौके पर ही मौत हो गई। शेष दस मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें बरेली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतक राकेश शादीशुदा था, उसकी पत्नी अंकिता देवी और बच्चे ऋषभ व मान्या शंखधार दीपावली पर विधवा और अनाथ हो गए हैं। वहीं मृतक गौरव अपने सात भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसका भाई गोधन लाल भी गंभीर रूप से घायल बताया गया है।घटना की सूचना पर सीओ फरीदपुर व थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल भेजा। हादसे के बाद क्षेत्र के गांव पकड़िया, लभौआ और परेवा तुर्राह में कोहराम मच गया है। दीपावली से पहले इन तीनों परिवारों पर गम का साया छा गया है।

# चाचा ने धारदार हथियार से की भतीजे की हत्या

**दुद्धी।** सोनभद्र में चाचा ने भतीजे की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। रविवार शाम को भतीजा घर के बाहर मोबाइल चला रहा था, इसी दौरान पुराने विवाद और मुवाबजे को लेकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। परिजनों ने आनन-फानन में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला दुद्धी कोतवाली क्षेत्र का है। नगवा गांव में पंचू सिंह अपने परिवार के साथ रहते थे। रविवार शाम जीत सिंह खरवार (20 वर्ष) पुत्र पंचू सिंह अपने घर के बाहर चबूतर पर बैठकर मोबाइल फोन चला रहा था।

# क्षमता से अधिक सवारी ले जा रहे 9 वाहनों का एआरटीओ ने किया चालान

## दीपावली पर्व पर सुरक्षा को लेकर जनपद में चला विशेष चेकिंग अभियान

**पीलीभीत।** दीपावली एवं आगामी पर्वों के मद्देनज़र सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में शनिवार को जनपद के विभिन्न मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।अभियान के तहत मार्ग से गुजर रहे वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान हिमाचल प्रदेश से रुपईडीहा व लखीमपुर जा रही दो बसों में निर्धारित सीट क्षमता 54 के स्थान पर 72 यात्री बैठे पाए गए। इस पर एआरटीओ ने दोनों बसों का चालान किया तथा अतिरिक्त सवारियों को अन्य वाहनों से उनके गंतव्य तक भेजने की व्यवस्था कराई।इसके अलावा तीन ईको वाहनों में 12 से 13 सवारियां पाई गईं, जबकि निर्धारित सीट क्षमता कम थी। इन वाहनों के विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही दो ऑटो-टेंपो भी निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां लेकर चलते पाए गए, जिन पर नियमों के तहत चालान किया गया। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने इस दौरान लंबी दूरी तय करने वाले बस चालकों को यातायात नियमों के पालन एवं सुरक्षित परिवहन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान थकान महसूस होने पर वाहन को सुरक्षित स्थान पर रोककर आराम अवश्य करें। लंबी दूरी की बसों में दो चालक अवश्य होने चाहिए, जिससे दुर्घटना की संभावना कम हो सके।

# एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**ललितपुर।** दीवाली पर्वों की सुरक्षा के लिए एसपी ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया। गस्त के दौरान व्यापारियों/दुकानदारों से वार्ता कर दीपावली पर्व की बधाईयां देकर पर्व को शांतिपूर्ण व सद्भाव के साथ मनाने की अपील की गयी। एसपी द्वारा स्थानीय दुकानदारों से हाथ से बने मिट्टी के दीये की खरीददारी कर दिवाली की शुभकामनाएं दी गयी। दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा कोतवाली ललितपुर क्षेत्रान्तर्गत बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। इस दौरान उन्होने बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा स्थानीय पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सतर्क दृष्टि बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा दीवाली की सुभकामनाएं दी गयी ।

# पीलीभीत नगर में फीडर संख्या 3 और 4 की बिजली आपूर्ति दो दिन से बाधित

## साढ़े आठ हजार से अधिक उपभोक्ता प्रभावित

**पीलीभीत।** नगर के फीडर संख्या 3 और 4 की बिजली आपूर्ति पिछले दो दिनों से लगातार लड़खड़ा रही है, जिससे साढ़े आठ हजार से अधिक उपभोक्ताओं को निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिल पा रही है। पर्वों को देखते हुए बिजली विभाग ने समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश दिए थे, लेकिन इसके बावजूद इन दोनों फीडरों की आपूर्ति में लगातार व्यवधान आ रहा है। दो दिन की कटौती और उपभोक्ताओं में रोष शुक्रवार को, फीडर संख्या 3 और 4 पर घंटों बिजली कटौती हुई, जिससे नगरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को भी स्थिति में कोई सुधार नहीं आया? सुबह सवा आठ बजे से लगभग पौन घंटे तक दोनों फीडरों की आपूर्ति बंद रही। दोपहर ढाई बजे, दोनों फीडरों की बिजली आधा घंटे के लिए बंद कर दी गई। शाम चार बजे, केवल फीडर संख्या 3 की आपूर्ति आधा घंटे के लिए बाधित रही। इन व्यवधानों के कारण न केवल घरों में रोशनी और पंखे बंद रहे, बल्कि छोटे उद्योगों और दुकानों में भी कामकाज प्रभावित हुआ। उपभोक्ताओं में इस अनियंत्रित आपूर्ति को लेकर रोष और नाराजगी व्याप्त है। अवर अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि फीडर संख्या 3 की आपूर्ति में समस्या आउटगोइंग ट्रॉली की खराबी के कारण उत्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि अब ट्रॉली की खराबी को ठीक करा लिया गया है, और बिजली आपूर्ति को शीघ्र ही सामान्य स्तर पर लाया जाएगा। फीडर संख्या 4 में भी तकनीकी समस्याएं थीं, जिन पर विभाग की टीम लगातार काम कर रही है।

अभियंता ने उपभोक्ताओं से संयम बरतने और आवश्यकताएं आपातकालीन नंबरों के माध्यम से विभाग तक पहुंचाने का अनुरोध किया पर्वों के मद्देनजर बिजली आपूर्ति की चुनौती नगर में जल्द ही दीपावली और अन्य पर्व आने वाले हैं, जिनमें घरों और बाजारों में बिजली की खपत सामान्य दिनों से कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे समय में फीडर की लगातार लड़खड़ाती आपूर्ति उपभोक्ताओं के लिए चिंता का विषय बनी हुई है।अवर अभियंता राजीव कुमार ने कहा कि विभाग सभी तकनीकी खराबियों को शीघ्र दुरुस्त करने के लिए पूरी तैयारी कर चुका है। उन्होंने आश्वस्त किया कि अगले कुछ घंटों में दोनों फीडरों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। फीडर संख्या 3 और 4 के अंतर्गत आने वाले साढ़े आठ हजार से अधिक उपभोक्ता घरेलू कामकाज, छोटे उद्योग और दुकानों के संचालन में प्रभावित हुए हैं।

बिजली विभाग ने अपील की है कि उपभोक्ता इस दौरान किसी भी आपात स्थिति या तकनीकी समस्या के लिए बिजली विभाग के संपर्क नंबरों पर तुरंत जानकारी दें, ताकि तुरंत मरम्मत और राहत की कार्रवाई की जा सके।

# जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने परिवार सहित वृद्धजनों और बच्चों के साथ मनाई दिवाली

## दीप जलाए, फुलझड़ी छोड़ी और वृद्धजनों का लिया आशीर्वाद

**ललितपुर।** 19 अक्टूबर दीपावली के पावन अवसर पर जिलाधिकारी अमनदीप डुली और उनके परिवार ने पं. दीनदयाल वृद्ध आश्रम एवं मदर टेरेसा आश्रम पनारी में निवासरत वृद्धजनों एवं बच्चों के साथ दीवाली का पर्व मनाया। इस अवसर पर जिलाधिकारी की धर्मपत्नी श्रीमती आकृति एवं माताजी के द्वारा वृद्धजनों व बच्चों को फल, मिष्ठान एवं पटाखे आदि का वितरण किया गया और उन्हें मिष्ठान खिलाकर दीप, फुलझड़ी, पटाखे आदि छोड़कर दिवाली मनाई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, उनकी धर्मपत्नी पारुल और बेटी अनन्या के साथ उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, उनकी धर्मपत्नी आकांक्षा एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह भी



मौजूद रहे। सभी ने उत्साह के साथ रोशनी का पर्व मनाया और एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों ने परिवार सहित वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया, उनका हालचाल जाना और उन्हें विश्वास दिलाया कि वे अकेले नहीं है, जिला प्रशासन के अधिकारीगण उनके परिवारजनों के समान हैं और हर स्थिति में उनके साथ हैं। इसी प्रकार बच्चों से मिलकर उनके पालन पोषण, शिक्षण आदि के बारे में जानकारी ली और अधीक्षकों को अपने स्वयं के बच्चों की तरह इनकी देखभाल करने के निर्देश दिए।

इसी के क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिला अधिकारी अंकुश श्रीवास्तव और उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार ने अपने परिवार के साथ राजकीय बल ग्रह दैलवारा में निवासरण बच्चों के साथ दीपावली का पर्व मनाया उन्होंने बच्चों को फल मिष्ठान पटाखे आदि का वर्णन किया और उनसे बातचीत की।

# लखनऊ में बसपा का 10 दिन में तीसरा बड़ा कार्यक्रम

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को लखनऊ में देशभर के कोऑर्डिनेटर के साथ बैठक की। करीब 2 घंटे चली बैठक में फोकस संगठन को मजबूत करने पर रहा। इसमें यूपी-उत्तराखंड को छोड़कर देशभर से करीब 430 कोऑर्डिनेटर आए। इनमें 3 महिलाएं भी थीं। इस दौरान मायावती ने हर स्तर पर संगठन को मजबूत करने को कहा। उन्होंने बसपा नेताओं से कहा- जैसे आपने मेरा साथ दिया, वैसे ही आकाश आनंद का भी दीजिए। बसपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की इस बैठक में भतीजे आकाश आनंद, उनके पिता आनंद कुमार और सीनियर लीडर सतीश चंद्र मिश्रा भी थे। बैठक में मायावती पहुंची, तो आकाश आनंद ने मंच पर ही उनके पैर छुए। हॉल में मायावती की अकेली कुर्सी लगी थी। साइड में 3 कुर्सियां लगी थीं।

# मिशन शक्ति के तहत ललितपुर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

## नारी शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशानुसार, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के लिए आज दिनांक 19.10.2025 को जनपद ललितपुर के थानों पर गठित मिशन शक्ति केन्द्र टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति और साइबर अपराध जागरूकता का सफल आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किए गए विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उनका उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। वीमेन पावर लाइन। 1090 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 चाइल्ड हेल्पलाइन : 1098 महिला हेल्पलाइन : 181पुलिस आपातकालीन सेवा : 112 स्वास्थ्य सेवा : 102 एंबुलेंस सेवा : 108 साइबर क्राइम राष्ट्रीय हेल्पलाइन। 1930 साइबर क्राइम पोर्टल।

# कानपुर में खड़े ट्रक में घुसी कार, मामा-भांजे की मौत

## पत्नी से झगड़ा कर भांजा ननिहाल पहुंचा, मामा समझाकर वापस छोड़ने जा रहे थे

**कानपुर।** कानपुर के सचेंडी हाईवे पर शुक्रवार आधी रात बाद दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है। मृतक मामा-भांजे बताए जा रहे हैं।

मृतकों की पहचान कानपुर के जरौली फेस-2 निवासी अनुराग मिश्रा उर्फ गोपाल (28) और कानपुर देहात के गजनेर थाना के मोहाना गांव निवासी ओमदीप मिश्रा (24) के रूप में हुई है। पत्नी से झगड़े के बाद ओमदीप मामा अनुराग के घर आया था। यहां मामा ने उसे समझाया और वापस घर छोड़ने ले जा रहे थे। तभी रास्ते में हादसा हो गया।

### पत्नी से झगड़ा हुआ तो मामा के घर पहुंच गया था भांजा

अनुराग मिश्रा उर्फ गोपाल सोलर पैनल लगाने का ठेका लेते थे। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार शाम ओमदीप पत्नी से झगड़े के बाद नाराज होकर मामा के घर पहुंचा था। मामा ने उसे समझाया और देर रात कानपुर देहात स्थित उसके घर छोड़ने के लिए निकले। उनके साथ मोहल्ले के शुभम द्विवेदी भी थे।

### ट्रक से टकराई कार, मौके पर दो की मौत

तीनों सचेंडी थाने के पास हाईवे पर पहुंचे ही थे कि अचानक अंधेरे में खड़े ट्रक से कार जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में मामा अनुराग और भांजे ओमदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शुभम गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया और दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### अनुराग के 3 बच्चे और ओमदीप का एक बेटा है

अनुराग के पिता रामकिशोर ने बताया- मेरे तीन बेटे आनंद, अंकित और अनुराग थे। हादसे में सबसे छोटे अनुराग की मौत हुई है। वह पत्नी निर्मला और तीन बच्चों के साथ रहता था।

जबकि, ओमदीप बिजली विभाग में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर था। उसके चचेरे भाई कुलदीप मिश्रा ने बताया- ओमदीप की शादी 13 फरवरी 2020 को अंकिता से हुई थी। दो साल का बेटा दिव्यांश है। कुलदीप ने बताया- शनिवार दोपहर ओमदीप काम पर जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा।

# फतेहपुर में पटाखा मार्केट में धमाका, 70 दुकानें जलीं

## 50 बाइक भी राख, 3 करोड़ के पटाखे दगे; 2 किमी दूर से दिखा धुआं





**फतेहपुर।** फतेहपुर में पटाखा मार्केट में भीषण आग लग आई। इसमें करीब 70 दुकानें जल गईं। इस दौरान 3 करोड़ के पटाखे दग गए। इसके अलावा पटाखा लेने आए लोगों की 50 से ज्यादा बाइक भी आग की चपेट में आ गईं। हादसा दोपहर 12.30 बजे हुआ। दरअसल, शहर में एमजी कॉलेज के ग्राउंड में पटाखा मंडी है। शनिवार को यहां बड़ी संख्या में लोग पटाखे लेने पहुंचे थे। बताया जा रहा है, इसी दौरान शॉर्ट सर्किट से एक दुकान में आग लग गई। इसके बाद आग बेकाबू हो गई। एक के बाद एक दुकानों में आग लगती चली गई। पटाखे रखे होने के चलते विस्फोट होने शुरू हो गए। हादसे के बाद 2 किमी तक धुआं उठता देखा गया। आग लगने से मंडी में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में 6 लोग झुलस गए। इनको एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। बालू, बाल्टी से पानी और सिलेंडरों से आग बुझाई गई।

दुकानदारों ने बताया- दुकान नंबर 2 से आग लगी। डेढ़ घंटे में 400 से अधिक धमाके हुए। 2 बजे तक धमाके होते रहे। सारी दुकानें जल गईं। चीफ फायर अधिकारी जयवीर सिंह सिंह ने बताया कि आग सबसे पहले एक दुकान में लगी। फिर तेजी से पूरी मंडी में फैल गई। 15-20 मिनट में पूरी मंडी को कवर कर लिया। 65-70 दुकानें पूरी तरह से जल गईं। साथ ही 30 से ज्यादा बाइक-स्कूटी भी जल गईं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं हैं।

### उद्घाटन के 15 मिनट बाद ही हादसा

दुकानदार सतीश ने बताया- पटाखा मार्केट का रविवार सुबह नारियल फोड़कर और फीता काटकर का शुभारंभ किया गया था। लेकिन 15 मिनट बाद ही हादसा हो गया। मार्केट से मात्र 200 मीटर दूर फायर स्टेशन होने के बावजूद दमकल की गाड़ियां करीब 20 मिनट बाद पहुंचीं। तब तक पूरा बाजार जल चुका था। कुछ समझ नहीं आया, हम लोग बस जान बचाकर भागे। बाइक और गल्ले में रखे पैसे, सब जल गए। एक महिला दुकानदार ने बताया कि उसने 8 लाख रुपए लगाकर दुकान खोली थी, लेकिन सब कुछ जल गया। जान बचाने के लिए पीछे के नाले में कूदना पड़ा।

### आग की सूचना के बाद लाइसेंस जारी किया गया

कुछ व्यापारियों ने बताया कि लाइसेंस के नाम पर 10-10 हजार रुपए लिए गए, लेकिन कुछ नहीं मिला। आग की सूचना के बाद लाइसेंस जारी किया गया।

मार्केट में अग्निशमन के लिए एक छोटी गाड़ी ही उपलब्ध थी, लेकिन उसमें भी पानी नहीं था। अगर अग्निशमन की टीम समय से आती, तो हमारी दुकानें शायद बच गई होतीं। हमारा लाखों का नुकसान होने से बच जाता।

### डीएम बोले- आग लगने के कारणों की जांच कराई जा रही

जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच कराई जा रही है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। एसपी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है। सभी दुकानें जल चुकी हैं।

### फायर ब्रिगेड देरी से पहुंचने की जांच कराई जाएगी

भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा- जिनकी दुकानें जली हैं, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने की जांच कराई जाएगी और दोषियों पर उचित कार्रवाई होगी। गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल ने प्रशासन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह घटना पूरी तरह लापरवाही का नतीजा है।

# शार्ट न्यूज

## छोटी दीपावली पर गुलजार रहा बीसलपुर बाजार

**बीसलपुर।** छोटी दीपावली के अवसर पर रविवार को नगर का बाजार पूरी तरह से रौनक से भर गया। सुबह से ही लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी, जो देर रात तक जारी रही। हर सड़क, हर गली में दीपावली की चमक और उल्लास झलक रहा था।ग्राहकों ने गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां, दीए, झालरें, और सजावट का सामान खरीदने में खूब रुचि दिखाई। इस बार स्वदेशी उत्पादों की बिक्री भी जोरदार रही। नगर के मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, गली नंबर 1 और नई बस्ती क्षेत्र में दिनभर भारी भीड़ देखी गई।वहीं, इलेक्ट्रॉनिक झालरों और मिट्टी के दीयों की भी खूब बिक्री हुई। दुकानदारों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी क्योंकि त्योहार से पहले बिक्री में अच्छा इज़ाफा हुआ। छोटी दीपावली के दिन बाजार में उमड़ी भीड़ से व्यापारी वर्ग में उत्साह का माहौल रहा।

## देवरिया में मंदिर, घाट का रास्ता बंद

**देवरिया।** देवरिया के तरकुलवा थाना क्षेत्र के बसंतपुर धूसी गांव में रविवार शाम ग्रामीणों ने शिव मंदिर, छठ घाट और श्मशान घाट जाने वाले रास्ते के बंद होने पर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने इस रास्ते पर अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे आवाजाही में भारी असुविधा हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि यह मार्ग वर्षों से धार्मिक अनुष्ठानों और सामाजिक कार्यों के लिए उपयोग किया जाता रहा है। रास्ते पर कब्जे के कारण पूजा-पाठ और अंतिम संस्कार जैसे कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए रास्ता खुलवाने की मांग की। सूचना मिलने पर तरकुलवा थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण रहा, लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप से स्थिति नियंत्रित हो गई। सभासद विवेक कुशवाहा और पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश कुशवाहा ने बताया कि विवादित भूमि गांव सभा की है और उस पर पहले से ही चकरोड (गांव का आम रास्ता) बना हुआ था।

## पड़ोसी युवक ने नाबालिग से दुष्कर्म किया

**बाराबंकी।** बाराबंकी के फतेहपुर कस्बे में एक 13 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोसी युवक बादल ने घर में अकेली पाकर घटना को अंजाम दिया। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि 8 अक्टूबर को वह अपनी दो बेटियों के साथ कुर्सी स्थित मायके में धान की फसल तैयार करने गई थीं। उनके पति मजदूरी करने गए थे, जिसके कारण उनकी 13 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। 9 अक्टूबर की दोपहर पड़ोसी युवक बादल घर में घुस आया। उसने किशोरी का मुंह दबाकर दुष्कर्म किया और पास में रखा चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। कुछ देर बाद आरोपी फिर लौटा और किशोरी को कुछ रुपए देकर चुप रहने को कहा। डर के कारण पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी नहीं दी। शनिवार शाम जब उसके प्राइवेट पार्ट में दर्द हुआ, तो परिजनों ने पूछताछ की। काफी देर बाद किशोरी ने रोते हुए अपने साथ हुई पूरी घटना बताई।

## सहारनपुर में दीपावली पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**सहारनपुर।** सहारनपुर में दीपावली पर्व के अवसर पर जिले में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आशीष तिवारी के निर्देशन में सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसएसपी के निर्देशों पर 1500 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इन्हें विभिन्न थाना क्षेत्रों, बाजारों, धार्मिक स्थलों, मुख्य मार्गों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में ड्यूटी पर लगाया गया है, ताकि पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हो सके। जनपद के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस लगातार निगरानी रख रही है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत सीसीटीवी कैमरों के साथ-साथ ड्रोन कैमरों की मदद से भी रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष तैयारियां की गई हैं। प्रमुख बाजारों और मार्गों पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष नियंत्रण रखा गया है। आवश्यकतानुसार रूट डायवर्जन भी लागू किए गए हैं, ताकि लोगों को असुविधा न हो।

## बदायूं में गंधक पोटाश पीसते समय धमाका

**बदायूं।** बदायूं में गंधक और पोटाश पीसते समय हुए धमाके में एक ही परिवार के चार लोग झुलस गए। इनमें तीन मासूम बच्चे शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। यह घटना बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के नगला शाहाबाद गांव में हुई। गांव निवासी प्रदीप (25) पुत्र नाथू लाल अपने घर के अंदर पटाखों में इस्तेमाल होने वाला पाउडर तैयार करने के लिए गंधक और पोटाश पीस रहे थे। इसी दौरान घर्षण के कारण अचानक तेज धमाका हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के घरों की खिड़कियां भी हिल गईं। धमाके की चपेट में प्रदीप की पांच साल की बेटी सुहानी, विनीत के चार साल का बेटा रितिक और दस साल का बेटा अनुज आ गए, जो पास ही खेल रहे थे। धमाका सुनते ही मोहल्ले में अफरातफरी मच गई और लोग मौके पर पहुंचे। परिवार वालों ने सभी घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, प्रदीप के हाथ और चेहरे पर चोटें आई हैं, जबकि बच्चों को हाथ, पीठ और चेहरे पर आंशिक झुलसन हुई है। रितिक की आंखों में जलन और धुंधलेपन की शिकायत है, जिस पर डॉक्टर विशेष निगरानी रख रहे हैं।

## गले में फंदा कसने से बुजुर्ग की मौत

**झांसी।** झांसी में गले में फंदा कसने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजनों का दावा है कि बुजुर्ग बकरियों को पत्ता तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े थे। पैर फिसलकर तार पर गिरे तो गर्दन में तार कस गया। इससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला रक्सा थाना क्षेत्र के बरुआपुरा गांव का है। मृतक का नाम अजब सिंह कुशवाहा (62) पुत्र नारायण दास कुशवाहा है। वह रक्सा के बरुआपुरा गांव के रहने वाले थे। मुकेश कुशवाहा ने बताया कि अजब सिंह कुशवाहा रविवार को घर से एक किलोमीटर दूर खेत पर गए थे। यहां पर वे बकरियों के लिए पेड़ पर चढ़कर पत्तियां तोड़ रहे थे। इस दौरान पैर फिसलने से वह नीचे पेड़ पर बंधे तार में फंस गए। गर्दन में तार कसने से वह तार सहित जमीन पर आ गिरे। इससे उनकी मौत हो गई। जब काफी देर तक अजब सिंह घर नहीं पहुंचे तो पत्नी सोमती देवी खेत पर पहुंची। वहां पर पति को मृत देखकर रोने चिल्लाने लगी। तब आसपास के लोग एकत्र हो गए और परिजन भी आ गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इस पर रक्सा पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## आजमगढ़ में नहर में मिली युवक की डेडबॉडी

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गोंठाव में रोड के किनारे नहर में एक युवक की डेड बॉडी मिली है। मामले की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोगों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। मृतक युवक की पहचान इरशाद अहमद 21 पुत्र अलाउद्दीन के रूप में हुई है। पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही इस मामले में परिजनों ने हत्या किए जाने की आशंका जताई है। आजमगढ़ के गंभीरपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला युवक के साथ सुबह दौड़ने के लिए निकला था। इरशाद रोज सुबह दौड़ता था और इसी क्रम में आज भी दौड़ने के लिए निकला था पर जब शाम तक घर नहीं पहुंचा तो परिजन तलाश करने लगे। इसी बीच परिजनों को सूचना मिली कि युवक की डेड बॉडी नहर में बह रही है। मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस की मदद से डेड बॉडी को नहर से बाहर निकाला। वहीं पुलिस डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। मृतक के परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है। हालांकि अभी इस मामले में परिजनों की तरफ से थाने में कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन की संसद में उठा बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की संसद में बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और हिंसा का मुद्दा जोरशोर से उठाया गया। इस मामले में ब्रिटिश सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह किसी भी तरह की नफरत या हिंसा की कड़ी निंदा करती है, जो किसी भी अल्पसंख्यक धार्मिक समुदाय के खिलाफ हो। यह मामला ब्रिटिश हिंदुओं की संसदीय समिति के अध्यक्ष और कंज़र्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने उठाया। उन्होंने हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें बताया गया कि बांग्लादेश में हिंदुओं को दिवाली से पहले प्रताड़ना, हिंसा और हत्या का सामना करना पड़ रहा है, उनके मंदिरों को तोड़ा जा रहा है और घरों को जला दिया जा रहा है। हाउस ऑफ कॉमन्स में सरकार की ओर से जवाब देते हुए सर एलन कैंपबेल, जो कि संसद में नेता हैं, ने कहा कि हम बांग्लादेश में मानवाधिकार और मानवीय स्थिति पर लगातार नज़र रखे हुए हैं और अंतरिम सरकार के साथ मिलकर वहां शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक बदलाव में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटेन धर्म की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### प्रिंस एंड्र्यू ने छोड़ा 'ड्यूक ऑफ यॉर्क' की उपाधि

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के प्रिंस एंड्र्यू ने शुक्रवार को घोषणा की कि वे अपनी शाही उपाधि 'ड्यूक ऑफ यॉर्क' छोड़ रहे हैं। यह फैसला उस समय आया है जब यौन अपराधी जेफ्री एप्सटीन के साथ उनकी पुरानी दोस्ती एक बार फिर सुर्खियों में आई है। किंग चार्ल्स तृतीय के छोटे भाई एंड्र्यू ने बकिंघम पैलेस की ओर से जारी एक बयान में कहा कि मेरे खिलाफ जारी आरोप महामहिम राजा और शाही परिवार के कार्यों से ध्यान भटका रहे हैं, इसलिए मैंने यह कदम उठाने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि एंड्र्यू पहले भी एप्सटीन से संबंधों को लेकर विवादों में घिर चुके हैं और 2022 में उन्हें सार्वजनिक भूमिकाओं से भी हटाया गया था।

### पाकिस्तान में आत्मघाती हमला नाकाम, चार आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने एक आत्मघाती हमले की साजिश नाकाम कर दी। अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली क्षेत्र में आतंकियों ने एक सैन्य कैंप को निशाना बनाने की कोशिश की। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी कैंप की दीवार से टकरा दी, जिससे जोरदार धमाका हुआ। इसके बाद तीन अन्य आतंकी कैंप में घुसने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें सुरक्षाबलों ने गोलीबारी में मार गिराया। इस पूरे ऑपरेशन में चारों आतंकी ढेर हो गए और सुरक्षाबलों को कोई नुकसान नहीं हुआ। इसी तरह की घटनाएं बाजौर और बन्नू जिलों में भी हुई, जहां सुरक्षाबलों ने समय रहते विस्फोटकों से भरी गाड़ियों को निशाना बनाकर बड़ा आतंकी हमला टाल दिया। बन्नू में एक थ्री-व्हीलर मरीन पुलिस स्टेशन की ओर बढ़ रहा था, जिसे पुलिस ने समय रहते उड़ा दिया। अधिकारियों के मुताबिक, बीते दो दिनों में पूरे क्षेत्र में की गई कार्रवाई में अब तक 88 आतंकियों को मारा गया है।

### ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी शिकागो में गार्ड तैनाती

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया कि शिकागो क्षेत्र में नेशनल गार्ड (सैनिक बल) को तैनात करने की अनुमति दी जाए। यह कदम डेमोक्रेटिक गवर्नरों के साथ बढ़ते टकराव के बीच उठाया गया है, जो अमेरिका में सैन्य बलों की तैनाती को लेकर ट्रंप का विरोध कर रहे हैं। इससे पहले एक संघीय न्यायाधीश ने कम से कम दो हफ्तों के लिए इलिनॉय और टेक्सास से आने वाले गार्ड सैनिकों की तैनाती पर रोक लगा दी थी। इसके बाद फेडरल अपील कोर्ट ने भी इस आदेश को पलटने से इनकार कर दिया।

### अफ्रीकी देश मोजाम्बिक के पास नाव पलटने से 3 भारतीयों की मौत, 5 लापता

**मापुटो , एजेंसी।** दक्षिण पूर्वी अफ्रीकी देश मोजाम्बिक के बेइरा पोर्ट के पास शुक्रवार को एक नाव के पलटने से 3 भारतीयों की मौत हो गई और पांच लोग लापता हो गए। भारतीय उच्चायोग के अनुसार, यह हादसा एक टैंकर के क्रू मेंबर्स को किनारे से जहाज तक ले जाने के दौरान हुआ। नाव में कुल 14 भारतीय नागरिक सवार थे। उच्चायोग ने अपने बयान में कहा- बेइरा पोर्ट के पास क्रू ट्रांसफर के दौरान एक नाव पलट गई, जिसमें 14 भारतीय नागरिक थे। कुछ भारतीयों को बचा लिया गया है, लेकिन कुछ की मौत हो गई और कुछ अभी भी लापता हैं।

# अफगानिस्तान पर पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक, तीन क्रिकेटर्स समेत 10 लोगों की मौत और कई घायल

**काबुल, एजेंसी।** पाकिस्तान ने शुक्रवार देर रात अफगानिस्तान के अंदर हवाई हमले किए, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हैं। इन हमलों ने 48 घंटे के युद्धविराम को तोड़ दिया, जिसने सीमा पर लगभग एक सप्ताह की हिंसक झड़पों को शांत किया था। तालिबान अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान ने पक्तिका प्रांत में तीन जगहों पर बमबारी की है। अब अफगानिस्तान इसका जवाब देगा। प्रांतीय अस्पताल के अधिकारी ने बताया कि मृतकों में 2 बच्चे शामिल हैं।





अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए मौजूद तीन खिलाड़ी भी हमलों में मारे गए। अब बोर्ड ने अगले महीने पाकिस्तान के साथ होने वाली त्रिकोणीय टी20आई सीरीज से हटने का फैसला किया। वहीं, पाकिस्तान के सीनियर सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि ये सटीक हवाई हमले अफगान सीमा में हाफिज गुल बहादुर गुट को निशाना बनाकर किए गए, जो तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान से जुड़ा है। इस्लामाबाद ने दावा किया कि यह समूह उत्तरी वजीरिस्तान में सैन्य शिविर पर आत्मघाती हमले और गोलीबारी में शामिल था, जिसमें 7 पाकिस्तानी अर्धसैनिक सैनिक मारे गए थे।

**पाकिस्तान-अफगानिस्तान में क्यों बढ़ा तनाव :** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव का मुख्य कारण सुरक्षा मुद्दे हैं। इस्लामाबाद का आरोप है कि अफगानिस्तान अपनी जमीन पर टीटीपी जैसे उग्रवादी समूहों को पनाह देता है, जिसे काबुल ने खारिज किया है। शनिवार से सीमा पर हिंसा तेजी से बढ़ी थी, जब काबुल में विस्फोट हुए उस समय जब तालिबान के विदेश मंत्री भारत की यात्रा पर थे। तालिबान ने इसके बाद पाकिस्तान के साथ दक्षिणी सीमा पर आक्रामक कार्रवाई शुरू की, जिसके जवाब में इस्लामाबाद ने कड़ा रुख अपनाने की बात कही। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने काबुल पर भारत का प्रॉक्सी बनने और पाकिस्तान के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया।

**क्रिकेट मैच खेलकर लौट रहे खिलाड़ियों पर हमला हुआ :** एसीबी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान जारी कर बताया कि यह हमला पक्तिका प्रांत की राजधानी शराना में एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेलकर लौट रहे खिलाड़ियों कबीर, सिब्घतुल्लाह और हारून पर हुआ। ष्टक्चने हमले के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान में होने वाली टी-20 सीरीज नाम वापस लिया हमले के बाद अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने नवंबर में पाकिस्तान में होने वाली ट्राई टी-20 सीरीज से नाम वापस ले लिया। टीम को 17 और 23 नवंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले खेलने थे। यह पहली बार होता जब अफगानिस्तान, पाकिस्तान की सरजमीं पर उसके खिलाफ खेलता। हालांकि, इससे पहले अफगानिस्तान ने 2023 एशिया कप और इस साल की चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान में खेले थे, लेकिन तब उसका मेजबान टीम पाकिस्तान से मुकाबला नहीं हुआ था। पाकिस्तानी हमले से काबुल में स्कूल-घरों को नुकसान तालिबान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने बुधवार को काबुल पर दो ड्रोन हमले किए। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जाद्रान के मुताबिक, ड्रोन ने एक घर और बाजार को निशाना बनाया। इन हमलों में कम से कम 5 लोगों की मौत हुई और दर्जनों घायल हैं।

हमले में पास का एक स्कूल भी प्रभावित हुआ। इस स्कूल में 500 से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं और करीब 50 क्लासरूम हैं। हमले के समय छात्र घर जा चुके थे। स्कूल के अधिकारी मोहम्मद सादिक ने कहा, आज जब बच्चे और उनके परिवार लौटे और स्कूल की हालत देखी, तो कई की आंखों में आंसू थे। यह एक शैक्षणिक स्थान है, कोई सैन्य ठिकाना नहीं। इस स्कूल का क्या कसूर था। पाकिस्तानी हमले से अफगानिस्तान में अब तक 37 मौतें यूएन के मुताबिक पाकिस्तानी हमलों में इस हफ्ते अफगानिस्तान के 6 प्रांतों में 37 नागरिक मारे गए और 425 घायल हुए। जबकि पाकिस्तान का कहना है कि उसने आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की। पाकिस्तानी रक्षामंत्री बोले- तालिबान के फैसले दिल्ली से हो रहे इसके बाद गुरुवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बयानबाजी तेज कर दी। उन्होंने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा कि तालिबान के फैसले दिल्ली से लिए जा रहे हैं।

## राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व सांसद की सजा माफ की, धोखाधड़ी के लिए हुई थी सात साल की जेल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व सांसद जॉर्ज सेंटोस की सजा माफ की। सेंटोस पर धोखाधड़ी और लोगों की पहचान चुराने के आरोप लगे थे, जिसके चलते उन्हें सात साल से अधिक की जेल हुई थी। सेंटोस ने पिछले साल कबूल किया था कि उन्होंने दान देने वालों (डोनर) को धोखा दिया और अपने चुनावी अभियान के लिए 11 लोगों की पहचान चुराई थी, जिसमें उनके परिवार के लोग भी शामिल थे। सेंटोस को जुलाई में न्यू जर्सी की एक कम क्षमता वाली जेल में भेजा गया था, जहां करीब पचास कैदी रहते थे। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर बताया कि सेंटोस को तत्काल रिहा किया जाएगा। उन्होंने सेंटोस को शुभकामनाएं भी दीं। वहीं, सेंटोस के वकील ने कहा कि पूर्व सांसद का परिवार जेल पहुंच रहा है और उन्होंने उनकी रिहाई के लिए राष्ट्रपति की कार्रवाई की सराहना की है। जेल प्रशासन की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। सेंटोस ने जेल में रहते हुए स्थानीय अखबार में जेल की स्थिति पर नियमित रिपोर्ट लिखी। हाल ही में उन्होंने ट्रंप से सीधे अपील की कि उन्हें परिवार और समुदाय के पास लौटने का मौका दिया जाए। ट्रंप की ओर से कई रिपब्लिकन नेताओं की सजा पहले माफ की चुकी है। मई में उन्होंने पूर्व सांसद माइकल ग्रिम को भी माफ किया था, जो अपने रेस्तरां में



वेतन और आमदनी के गलत तरीके के लिए दोषी पाए गए थे। लेकिन सेंटोस का मामला अपनी पार्टी के भीतर विवादास्पद रहा है। वह 2022 में सार्वजनिक तौर पर ट्रांसजेंडर रिपब्लिकन सांसद बने। लेकिन जल्द ही उनके जीवन की झूठी कहानी सामने आ गई। उन्होंने दावा किया था कि वह एक सफल व्यवसाय सलाहकार हैं। मगर बाद में पता चला कि उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई पूरी नहीं की और न ही उन्होंने कथित प्रतिष्ठित कंपनियों में काम किया था। वह यहूदी भी नहीं थे, जैसा उन्होंने बताया था। वास्तव में सेंटोस आर्थिक रूस से तंगी में थे और उन्हें बेघर होने का खतरा था। 2023 में उन पर दाताओं से चोरी, बेरोजगारों से धोखाधड़ी और कांग्रेस (संसद) में झूठ बोलने के आरोप लगे। कुछ ही महीनों में उन्हें प्रतिनिधि सभा से निकाल दिया गया और वह इतिहास के छठे सांसद बने जिन्हें सदस्यों ने हटाया। सेंटोस ने मुकदमे से पहले ही अपना गुनाह कबूल किया। पूर्व सहयोगी सांसद मार्जोरी टेलर ग्रीन ने उनके लिए सजा माफी की अपील की थी।

## रेड क्रॉस को सौंपा गया इस्राइली बंधक ताबूत, नेतन्याहू के कार्यालय ने की पुष्टि

**येरूशलम, एजेंसी।** इस्राइल को शुक्रवार को एक और बंधक का शव सौंपा गया है। इस्राइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि हमास ने यह शव रेड क्रॉस के जरिये सौंपा गया। शव सौंपकर हमास युद्ध को खत्म करने के लिए जारी संघर्षविराम को बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। बाद में रेड क्रॉस ने यह शव इस्राइली सेना और सुरक्षा एजेंसियों को सौंप दिया। शव को इस्राइल के राष्ट्रीय फोरेंसिक चिकित्सा केंद्र को भेजा गया, जहां से इसकी पहचान की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद ही परिजनों की इसकी सूचना दी जाएगी। हमास की तरफ से शव की पुष्टि हमास के लड़ाकू संगठन कसम ब्रिगेड ने कहा कि यह शव एक कब्जे में लिए गए कैदी का है। इसका मतलब है कि यह शव किसी इस्राइली नागरिक का है, न कि किसी अन्य देश के बंधक का। संघर्षविराम समझौते के तहत शवों की वापसी जरूरी है। इसके अलावा, सहायता सामग्री की आपूर्ति, सीमा खोलना और गाजा के पुनर्निर्माण जैसे मुद्दे भी इस समझौते का हिस्सा हैं। ट्रंप की चेतावनी



और शवों की खोज हमास का कहना है कि वह संघर्षविराम के नियमों का पालन कर रहा है और शवों को लौटाने की कोशिश कर रहा है। इस हफ्ते हमास ने इस्राइल को नौ बंधकों के शव सौंपे हैं। एक अतिरिक्त शव भी दिया गया, जिसे इस्राइल ने कहा कि वह बंधक का नहीं था।

इस्राइली सेना और सुरक्षा एजेंसियों ने कहा कि हमास को समझौते के तहत सभी शव लौटाने होंगे। उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर हमास सभी शव नहीं लौटाता तो वह इस्राइल को युद्ध फिर से शुरू करने की अनुमति देगा।

## ट्रंप बोले- मुझे नोबेल पुरस्कार की नहीं, जिंदगियां बचाने की परवाह

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने अब तक आठ संघर्षों को सुलझा लिया है और अब वह अफगानिस्तान व पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष को भी आसानी से हल कर सकते हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह उनके लिए आसान मामला है।

ट्रंप का यह बयान उस समयआया है, जब अफगानिस्तान व पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ा हुआ है। अफगान तालिबान के अधिकारियों ने शुक्रवार देर रात दावा किया कि पाकिस्तान ने संघर्षविराम का उल्लंघन करते हुए फिर से हमला किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष खत्म करने का दावा दोहराया। इसके बाद वह अफगानिस्तान-पाकिस्तान के मुद्दे की तरफ आगे बढ़े। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पाकिस्तान ने हमला किया या अफगानिस्तान के साथ हमले जारी हैं। अगर मुझे इसे हल करना पड़ा तो यह मेरे लिए एक आसान मामला है।

उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने कई संघर्ष सुलझा लिए हैं, जिसमें भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम भी शामिल है। हालांकि भारत ने उनके इस दावे को कई बार सिरे से खारिज किया है। ट्रंप ने यह भी कहा कि इतने सारे संघर्षों को सुलझाने के बावजूद उन्हें नोबेल पुरस्कार नहीं मिला। उन्होंने कहा, यह (नोबेल पुरस्कार) किसी और को मिल गया। वह एक बहुत अच्छी महिला हैं। मैं उन्हें नहीं जानता लेकिन वह उदार हैं। मुझे इन चीजों की परवाह नहीं है। मुझे केवल जिंदगियां बचाने की परवाह है। ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार विजेता वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो की बात कर रहे थे। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल ही में सीमा पर खूनी झड़पें हुई, जिसके बाद दोनों देशों ने 48 घंटे के संघर्षविराम पर सहमति जताई थी। दोनों देशों ने इसके लिए एक-दूसरे की जिद को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, अफगानिस्तान के अधिकारियों ने शुक्रवार रात कहा कि पाकिस्तान ने संघर्षविराम को तोड़ते हुए अफगानिस्तान के अंदर हवाई हमले किए, जिनमें दस लोग मारे गए। तालिबान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया, पाकिस्तान ने संघर्षविराम को तोड़ते हुए पक्तिका प्रांत में तीन जगहों पर बमबारी की है। अफगानिस्तान इसका जवाब देगा। इन हमलों में अफगानिस्तान में के तीन स्थानीय क्रिकेट खिलाड़ियों की भी मौत हो गई, जिसकी पुष्टि अफगानिस्तान के क्रिकेट बोर्ड ने की है। ये खिलाड़ी पक्तिका प्रांत के उरगुन जिले के रहने वाले थे। क्रिकेट बोर्ड ने हमले को कायरतापूर्ण बताया। इससे पहले इस हफ्ते तालिबान सरकार ने दावा किया था कि उन्होंने पाकिस्तान की 25 चौकियां कब्जे में ली हैं, जिसमें 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं और 30 घायल हुए हैं। इस पूरे घटनाक्रम की शुरुआत काबुल के अब्दुल हक चौक पर हुए विस्फोट से हुई थी। उस समय तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी भारत दौरे पर थे। अफगान अधिकारियों ने इस धमाके लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। लेकिन पाकिस्तान ने इसमें अपनी कोई भूमिका होने से इनकार किया। हिंसक झड़पों के बाद दोनों पक्षों ने युद्धविराम पर सहमति जताई।

# भारत की गोद में जा बैठा तालिबान, बौखलाया पाकिस्तान बोला- खत्म हो गए सारे रिश्ते

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान के साथ तनाव के बीच पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी जहर उगल दिया है। उन्होंने कहा कि अब दोनों देशों के बीच पुराने संबंधों का युग समाप्त हो गया है। आसिफ ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान में रहने वाले अफगान नागरिक तुरंत अपने देश की ओर रवाना हो जाएं। उन्होंने कहा, अब उनकी अपनी सरकार है। हमारी धरती और संसाधन केवल 25 करोड़ पाकिस्तानियों के लिए हैं।

बता दें कि पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक के बाद दोनों देशों में तनाव काफी बढ़ गया था। सीमा पर गोलीबारी में दोनों तरफ का नुकसान हुआ। इसके बाद बॉर्डर पर 48 घंटे का सीजफायर हो गया। शुक्रवार शाम को 6 बजे सीजफायर खत्म होने से पहले ही ऐलान हो गया कि इस अस्थायी युद्धविराम को दोहा में वार्ता खत्म होने तक बढ़ाया जाता है। इसके बाद भी पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के पत्तिका प्रांत में एयरस्ट्राइक कर दी।

इसको लेकर तालिबानी अधिकारियों ने का कहा कि दोनों के बीच समझौता टूट गया है। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से अफगानिस्तान को 836 प्रोटेस्ट नोट भेजे गए हैं। इसके अलावा उससे 13 मांगें रखी गई हैं। यह सभी सीमा पार आतंकवाद से संबंधित हैं। उन्होंने कहा, अब कोई भी प्रतिनिधिमंडल काबुल नहीं जाएगा। अब कोई प्रोटेस्ट नोट और शांति की अपील नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, आतंक जहां भी पल रहा है, उसे उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

**भारत का भी लिया नाम :** आसिफ ने बीच में भारत को भी घसीटते हुए कहा कि तालिबान सरकार भारत की तरफ से काम कर रही है और पाकिस्तान के खिलाफ साजिश रच रही है। उन्होंने कहा, काबुल के शासक आज भारत की गोद में जा बैठे हैं। वे कभी हमारी हिफाजत में रहते थे। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अगर सीमा पर अफगानिस्तान कोई भी उकसावे की गतिविधि करता है तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। बता दें कि पाकिस्तान ने काबुल पर उस समय एयरस्ट्राइक की थी जब अफगान विदेश मंत्री भारत की यात्रा पर थे। इससे साफ जाहिर होता है कि वह आतंकी घटनाओं से ज्यादा भारत और अफगानिस्तान की बढ़ती करीबी से परेशान है।

## जहां हैं, वहीं रुक जाएं और युद्ध खत्म करें.., जेलेंस्की के साथ बैठक के बाद यूक्रेन और रूस से बोले ट्रंप



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमिर जेलेंस्की से लंबी बैठक के बाद कीव और मॉस्को से कहा कि जहां हैं, वहीं रुक जाएं और अपने क्रूर युद्ध को समाप्त करें। पिछले नौ महीनों में इस युद्ध को लेकर ट्रंप की नाराजगी कई बार सामने आ चुकी है, जब से वह दोबारा राष्ट्रपति बने हैं। लेकिन इस बार उन्होंने संकेत दिया कि यक्रेन को वह इलाका छोड़ देना चाहिए जो रूस ने कब्जे में ले लिया है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा, काफी खून बह चुका है। अब जमीन की सीमाएं युद्ध और साहस से तय हो रही हैं। अब उन्हें वहीं रुक जाना चाहिए। दोनों ही पक्ष खुद को विजेता मानें और ऐतिहासिक फैसला करें। बाद में जब ट्रंप फ्लोरिडा पहुंचे (जहां वह साप्ताहांत बिता रहे हैं), तो उन्होंने दोनों देशों से तत्काल युद्ध बंद करने की अपील की और संकेत दिया कि रूस वही जमीन अपने पास रख सकता है, जो उसने यूक्रेन से ले ली है। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, आप जंग के मोर्चे की जो स्थिति है, उसी को मानें। वरना मामला बहुत जटिल हो जाएगा। उसी मोर्चे पर रुकें और दोनों पक्ष घर जाएं, अपने परिवारों के पास लौटें, हत्या बंद करें। बस वही होना चाहिए। ट्रंप का रवैया समय के साथ बदलता रहा है। पहले वह यूक्रेन को जमीन छोड़ने की सलाह दे रहे थे। लेकिन हाल के हफ्तों में उन्होंने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रति नाराजगी जताई और यूक्रेन की ज्यादा मदद करने की बात करने लगे थे। इसका मतलब है कि ट्रंप की सोच स्थिर नहीं रही। कभी वो यूक्रेन को समर्थन देने की बात करते हैं, तो कभी उसे समझौता करने के लिए कहते हैं। पिछले महीने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान जेलेंस्की से मुलाकात के बाद ट्रंप ने यहां तक कहा था कि उन्हें लगता है यूक्रेन वो सभी इलाके वापस ले सकता है जो उसने फरवरी 2022 में रूस के हमले के बाद खो दिए। यह ट्रंप का एक बड़ा यू-टर्न था, क्योंकि इससे पहले वह कहते थे कि यूक्रेन को शांति के लिए जमीन छोड़नी होगी।

## बांग्लादेश: सांविधानिक सुधारों से युवा असंतुष्ट, संसद परिसर में किया बवाल, मुख्य गेट फांदकर घुसे प्रदर्शनकारी

**ढाका, एजेंसी।** राजनीतिक दलों ने शुक्रवार को लोकतांत्रिक सुधार सुनिश्चित करने वाले जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर कर दिए लेकिन युवाओं के भारी विरोध व नवगठित (नेशनल सिटिजन पार्टी-एनसीपी) के विरोध के कारण अंतरिम सरकार का जश्न फीका पड़ गया। हालात यह रहे कि जुलाई चार्टर के सांविधानिक प्रावधानों में अपनी मांगों की अनदेखी से नाराज युवा प्रदर्शनकारी मुख्य दरवाजे को फांदकर संसद भवन परिसर में दाखिल हो गए और जमकर बवाल काटा। इस दौरान सरकार विरोधी नारे भी लगे।

खुद को हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाले प्रदर्शनकारी बताते हुए युवा शुक्रवार सुबह से ही संसद भवन के पास एकत्र होने लगे थे। वे इस बात पर नाराजगी जता रहे थे कि नए चार्टर में उनकी चिंताओं का समाधान नहीं किया गया है, जबकि हसीना के खिलाफ बड़े पैमाने पर हुए विद्रोह के दौरान उनके कई प्रियजनों की मौत हुई है। देखते ही देखते प्रदर्शन हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने जब पीछे हटने से इन्कार किया तो पुलिस ने उनको तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े, लाठीचार्ज किया और तेज आवाज करने वाले ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। इस बीच यूनुस ने संसद भवन के बाहर एकत्रित जनसमूह को बताया कि जुलाई चार्टर में हस्ताक्षरों का अर्थ है कि एक नया बांग्लादेश आकार ले रहा है। उन्होंने कहा, हम बर्बरता से निकलकर एक सभ्य समाज में प्रवेश कर चुके हैं।



**सांविधानिक व कानूनी बदलावों का नया रोडमैप है जुलाई चार्टर :** जुलाई 2024 में शुरू हुए राष्ट्रीय विद्रोह के नाम पर रखा गया जुलाई राष्ट्रीय चार्टर सांविधानिक संशोधनों, कानूनी परिवर्तनों और नए कानूनों के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। यूनुस सरकार द्वारा गठित एक राष्ट्रीय सहमति आयोग ने हसीना की अवामी लीग पार्टी को छोड़कर, प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ कई दौर की बातचीत के बाद चार्टर तैयार किया। पूर्व पीएम खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और आठ समान विचारधारा वाली पार्टियों ने कहा कि वे चार्टर पर हस्ताक्षर करेंगे जबकि एनसीपी ने इससे इन्कार कर दिया है। फरवरी में चुनावों पर अनिश्चितता यूनुस ने अगला राष्ट्रीय चुनाव फरवरी में कराने का वादा किया है, 17 करोड़ की आबादी वाले मुस्लिम बहुल देश में इस्लामी पवित्र महीना रमजान शुरू होने से पहले। लेकिन सवाल यह है कि क्या हसीना की पार्टी और उसके सहयोगियों के बिना यह चुनाव समावेशी होगा। देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी, जमात-ए-इस्लामी ने भी चार्टर पर हस्ताक्षर करने को लेकर अब तक कोई फैसला नहीं लिया है। पिछले अगस्त में भारी विरोध प्रदर्शनों के बाद सत्ता से बेदखल हुई हसीना भारत में निर्वासन में हैं और मानवता के विरुद्ध अपराधों के आरोपों में उनकी अनुपस्थिति में उन पर मुकदमा चल रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि हफ्तों तक चले विद्रोह में करीब 1,400 लोग मारे गए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा बाधित पहले एकदिवसीय में भारत को सात विकेट से हराया

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा बाधित पहले एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में भारतीय टीम को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। बारिश की बाधा के कारण मैच 26-26 ओवर का कर दिया गया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केएल राहुल के 38 और अक्षर पटेल के 31 रनों की सहायता से 9 विकेट पर 136 रन बनाए। इसके बाद डकवर्थ लुइस प्रणाली से मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए 131 रनों का लक्ष्य मिला जिसे उसने 21.3 ओवर में ही तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस मैच में कप्तानी कर रहे मिचेल मार्श ने 46 रन बनाकर टीम को जीत दिलायी। मार्श के अलावा जोश फिलिप ने 37 और रेन शॉ ने 21 रन बनाए।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। सात माह बाद वापसी करते हुए सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा असफल रहे और केवल 8 रन ही बना पाये। कप्तान शुभमन गिल भी 10 रनों बनाकर ही पेवेलियन लौट गये। विराट कोहली भी शून्य पर ही आउट हो गये। श्रेयस अय्यर भी इस मैच में रन बनाने में विफल रहे। राहुल ने सबसे अधिक 38 और अक्षर ने 31 रन बनाए। इस मैच में डेब्यू कर रहे ऑलराउंडर नीतिश कुमार भी 19 रन ही बना पाये। मेजबान टीम की ओर से जोश हेजलवुड, मिचेल ओवेन और मैथ्यू कुहनेमन ने 2-2 विकेट लिए, जबकि मिचेल स्टार्क और नाथन एलिस को 1-1 विकेट मिला।



# भारतीय रोइंग टीम ने एशियाई रोइंग चैंपियनशिप में जीते 10 पदक



**हाई फोंग (वियतनाम) (एजेंसी)।** भारतीय रोइंग टीम ने एशियाई रोइंग चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला और पुरुष वर्ग में तीन स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते। भारतीय रोइंग दल ने 16 से 19 अक्टूबर तक वियतनाम के हाई फोंग में आयोजित एशियाई रोइंग चैंपियनशिप में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। 15 स्पर्धाओं में तिरंगे का प्रतिनिधित्व करने वाले 37 एथलीटों (25 पुरुष और 12 महिलाएं) के साथ, भारत ने 10 स्पर्धाओं में पदक जीते।

पुरुषों की क्वाड्रपल स्कल (एम 4एक्स) में कुलविंदर सिंह, नवदीप सिंह, सतनाम सिंह, जाकर खान की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। हीट्स 16 और 17 अक्टूबर को हुए, उसके बाद 18 और 19 अक्टूबर को फाइनल हुए, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय टीम का अभियान बेहद सफल रहा। लाइटवेट पुरुष डबल स्कल (एलएम 2 एक्स ) में लक्ष्य, अजय त्यागी की टीम स्वर्ण पदक जीता।

वहीं बलराज पंवार ने पुरुषों की एकल स्कल (एम 1 एक्स) स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता है। यह उपलब्धि हाल के इतिहास में एशियाई रोइंग चैंपियनशिप में भारत के सबसे मजबूत प्रदर्शनों में से एक है, जिसने भारत एशियाई रोइंग में एक उभरती हुई ताकत के रूप में उभरा है। पुरुषों की आठ (एम8 प्लस) स्पर्धा में नितिन देओल, परविंदर सिंह, लखवीर सिंह, रवि, गुरप्रताप सिंह, भीम सिंह, जसविंदर सिंह, कुलबीर, किरण सिंह मैयोम ने रजत पदक जीता।

इस अभियान का एक महत्वपूर्ण आकर्षण लाइटवेट महिला जोड़ी (एलडब्ल्यू2) स्पर्धा रही। जहां गुरबानी कौर और दिलजोत कौर ने रजत पदक जीतकर एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय महिलाओं के 15 साल के सूखे को समाप्त किया। भारतीय नौकायन महासंघ की ओर से जारी बयान में अध्यक्ष बालाजी मरदापा ने दल के प्रति हार्दिक गर्व और प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा, 'यह उपलब्धि केवल पदकों का संग्रह नहीं है। यह हमारे एथलीटों के वर्षों के धैर्य, त्याग और अटूट भावना का प्रतिबिंब है। पानी पर हर स्ट्रोक अरबों दिलों की आशा से प्रेरित था। हाई फोंग में भारत का प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि हमारे रोवर्स एशिया के सर्वश्रेष्ठ रोवर्स के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो सकते हैं।'

# दीप्ति शर्मा ने रचा इतिहास, वनडे में 2000 रन और 150 विकेट लेने वाली पहली भारतीय बनी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ महिला विश्व कप 2025 के मुकाबले में बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। दीप्ति महिला वनडे में 2000 रन और 150 विकेट लेने वाली चौथी महिला क्रिकेटर बन गई है। दीप्ति यह रिकॉर्ड बनाने वाली वह पहली भारतीय महिला क्रिकेटर भी हैं। महिला वनडे में 2000 रन और 150 विकेट हासिल करने के मामले में पहली तीन महिला खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की एलिसा पेरी, वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर और दक्षिण अफ्रीका की मारिजैन कैप हैं।

### महिला वनडे में 2000 रन और 150 विकेट का डबल

4414, 166 – एलिस पेरी (ऑस्ट्रेलिया)

5873, 155 – स्टेफनी टेलर (वेस्टइंडीज)

3397, 172 – मारिज़ैन कैप (दक्षिण अफ्रीका)

2607, 150 – दीप्ति शर्मा (भारत)

### महिला वनडे में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट

255 – झूलन गोस्वामी (203 सराय)

150* – दीप्ति शर्मा (116 पारी)

141 – निकोला डेविड (97 इन्स)

100 – नूशिन अल खादीर (77 सराय)

99 – राजेश्वरी गायकवाड़ (64 सराय)

मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स (56) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 25 ओवर पूरे होने तक 2 विकेट के नुकसान पर 120 रन बनाए।

# वैभव सूर्यवंशी: 14 साल की उम्र में क्रिकेट की नई सनसनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 में महज 14 साल की उम्र में टूर्नामेंट का दूसरा सबसे तेज शतक बनाने के बाद वैभव सूर्यवंशी ने क्रिकेट की दुनिया में तहलका मचा दिया है। उस मैच में उन्होंने 35 गेंदों में 100 रन पूरे किए, जिसमें 7 चौके और 11 छक्के शामिल थे। यह किसी भी भारतीय खिलाड़ी का आईपीएल में अब तक का सबसे तेज शतक माना जाता है। इस प्रदर्शन ने उन्हें न सिर्फ भारत में, बल्कि दुनियाभर में क्रिकेट प्रेमियों के लिए नई सनसनी बना दिया। वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 से पहले 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था। उस समय उनकी उम्र केवल 13 साल थी। इस नीलामी में वे सबसे युवा बिकने वाले खिलाड़ी बने और आईपीएल में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी।



सूर्यवंशी आईपीएल के इतिहास में इकलौते ऐसे खिलाड़ी हैं, जो 2008 में शुरू हुई इस लीग में पैदा हुए और अब मैदान पर खेल रहे हैं। उनकी बेखौफ बल्लेबाजी का प्रभाव सिर्फ आईपीएल तक सीमित नहीं रहा। इंडिया ए की तरफ से उन्होंने इंग्लैंड ए और ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन किया। पूर्व क्रिकेटर और भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने एक टॉक शो में बताया कि सूर्यवंशी उन्हें सचिन तेंदुलकर की याद दिलाते हैं। शास्त्री ने जयपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मैच की यादें साझा करते हुए बताया कि कैसे ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ओपनर मैथ्यू हेडन भी उनके प्रदर्शन से हैरान रह गए थे।

शास्त्री ने कहा, 'वह 14 साल का नहीं हो सकता। उसने मोहम्मद सिराज और ईशांत शर्मा की गेंदों को एक्स्ट्रा कवर और मिडविकेट पर शानदार तरीके से खेला। अब उसके लिए सबसे मुश्किल समय है क्योंकि इतनी कम उम्र में उसने ऐसी छवि बना ली है जैसे सचिन ने बनाई थी। अगले दो-तीन सालों में उसे किसी मार्गदर्शक की जरूरत होगी, जो उसे सही दिशा दिखा सके।' वैभव सूर्यवंशी का यह जलवा साबित करता है कि भारतीय क्रिकेट के सामने आने वाले वर्षों में उनके जैसे युवा सितारों के लिए संभावनाओं का सागर खुला है। उनकी लगन और प्रतिभा ने दर्शकों और विशेषज्ञों दोनों का दिल जीत लिया है, और यह स्पष्ट है कि वे आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट के नए चमकते सितारे होंगे।

# शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया के हाथों पहला वनडे हारने की वजह बताई

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया से पहला वनडे रविवार को 7 विकेट से हारने के बाद कहा कि पॉवरप्ले में तीन विकेट गंवाने के बाद वापसी करना मुश्किल होता है। शुभमन गिल ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, 'पावरप्ले में तीन विकेट गंवाना कभी भी आसान नहीं होता, आप हमेशा बराबरी का खेल खेलने की कोशिश करते हैं। इस मैच से बहुत कुछ सीखने को मिला और कई सकारात्मक बातें भी। 131 रनों का बचाव करते हुए हम मैच को काफी आगे तक ले गए और इससे हम बहुत संतुष्ट हैं। हम बहुत खुशकिस्मत हैं कि हम जहां भी खेलते हैं, दर्शक बड़ी संख्या में आते हैं।'

प्लेयर ऑफ द मैच मिचेल मार्श ने कहा, 'आज मौसम ने अपना असर दिखाया। सभी दर्शकों का बहुत-बहुत शुक्रिया जो मैदान पर डटे रहे। मुझे पता है कि ये दिन वाकई निराशाजनक हो सकते हैं, लेकिन जीत हासिल करना अच्छा लगता है। घर में जीतना हमेशा अच्छा लगता है। मुझे ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना बहुत पसंद है। (रन-चेज पर) थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा था। हम जानते थे कि दोनों टीमों के लिए यही स्थिति रहने वाली है, इसलिए वहां से जीतना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था।'

उन्होंने कहा, 'जिस तरह से हमारे युवा खिलाड़ी मैदान पर उतरे और मैच को संभाला और हमें जीत दिलाई, उस पर मुझे गर्व है। (जोश फिलिप) मैदान पर आए और उन्होंने इसे बहुत आसान बना दिया, है ना? युवा खिलाड़ियों का मैदान पर आना मज़ेदार होता है। जरूरी नहीं कि वे युवा ही हों, बल्कि युवा खिलाड़ी मैदान पर आ रहे हैं। आप बस यही चाहते हैं कि वे मजे करें और इसका आनंद लें। वनडे क्रिकेट में, हमें हर समय बड़ी भीड़ के सामने खेलने का मौका नहीं मिलता, इसलिए मैंने उनसे कहा कि वे इसका पूरा आनंद लें।'



# भारत के ट्रैप शूटिंग कोच पीटर विल्सन ने पूरा किया अपना वादा, मुंडवाया सिर

एथेंस (ग्रीस)। भारत के विदेशी ट्रैप शूटिंग कोच और पूर्व ओलंपिक चैंपियन पीटर विल्सन ने एथेंस में ISSF शॉटगन विश्व चैंपियनशिप 2025 में जोरावर सिंह संधू के कांस्य पदक जीतने के बाद वादे के अनुसार अपना सिर मुंडवा लिया। ओलंपिक्सडॉटकॉम के अनुसार विश्व शॉटगन निशानेबाजी के सबसे प्रभावशाली नामों में से एक, विल्सन ने वादा किया था कि अगर उनके किसी खिलाड़ी ने विश्व चैंपियनशिप से पदक जीते तो वह अपना सिर मुंडवा लेंगे। जोरावर सिंह संधू का यह कांस्य पदक' 2006 के बाद से विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में भारत का पहला पदक' है और शर्त के अनुसार ब्रिटिश दिग्गज ने अपना वादा निभाया। उल्लेखनीय है कि भारत के जोरावर सिंह संधू ने 48 वर्ष की आयु में इतिहास रचते हुए ISSF वर्ल्ड चैम्पियनशिप शॉटगन 2025 में शुक्रवार को पुरुष ट्रैप स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था।



# स्मृति मंधाना विवाह के बंधन में बंधेगी, इस म्यूजिक डायरेक्टर ने क्रिकेटर संग शादी की पुष्टि की



इंदौर। भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना और संगीत निर्देशक पलाश मुच्छल के रिश्ते को लेकर लंबे समय से मीडिया और फैंस में चर्चा चल रही थी। अब यह अफवाहें सच साबित हुई हैं। हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में पलाश ने स्पष्ट किया कि मंधाना जल्द ही इंदौर की बहू बनेंगी। मुस्कुराते हुए उन्होंने कहा, 'वह जल्द ही इंदौर की बहू बनेंगी... बस इतना ही कहना चाहता हूं।' यह पहली बार है जब दोनों पक्षों ने सार्वजनिक रूप से अपने रिश्ते की पुष्टि की है। इससे पहले सोशल मीडिया पर दोनों की साथ में तस्वीरें और वीडियो देखे जाते रहे थे, जिससे अटकलों को और बल मिला था।

स्मृति और पलाश अक्सर सोशल मीडिया पर साथ में दिखाई देते रहे हैं। उनके फैंस हमेशा इस जोड़ी की झलक पाने के लिए उत्सुक रहते थे। हालांकि, अब पहली बार दोनों ने सीधे तौर पर अपने रिश्ते को स्वीकार किया है, जिससे मीडिया और फैंस दोनों को आधिकारिक पुष्टि मिल गई। 30 वर्षीय संगीत निर्देशक ने इस घोषणा के दौरान मजाकिया अंदाज में कहा, 'मैंने आपको शीर्षक दे दिया है।'

इस बीच भारतीय महिला क्रिकेट टीम इंदौर के होल्कर स्टेडियम में आईसीसी महिला विश्व कप के अहम मुकाबले की तैयारी में जुटी है। टीम का सामना इंग्लैंड से होना है और सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए जीत आवश्यक है। स्मृति मंधाना, जो टीम की उप-कप्तान और प्रमुख सलामी बल्लेबाज़ हैं, इस समय टीम के लिए फोकस्ड ट्रेनिंग कर रही हैं। पलाश ने अपनी शुभकामनाएं भी टीम को दी और विशेष रूप से स्मृति और कप्तान हरमनप्रीत कौर को हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा, 'हम हमेशा यही चाहते हैं कि भारतीय क्रिकेट टीम हर मैच जीते और देश का नाम रोशन करे।'

# अफगानिस्तान की जगह ट्रॉई सीरीज में किसी अन्य टीम को शामिल करने पर विचार शुरू किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शुक्रवार को पाकिस्तान में हुए हमले में तीन अफगानिस्तान क्रिकेटरों की दुखद मौत के बाद अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ होने वाली आगामी ट्रॉई सीरीज से हटने का ऐलान किया। इस फैसले के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अफगानिस्तान की अनुपस्थिति में ट्रॉई सीरीज को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित करने का संकेत दिया है।

मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अफगानिस्तान की जगह लेने के लिए वे अन्य बोर्डों के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान के हटने के बाद भी ट्राई-सीरीज निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ेगी। हम एक रिप्लेसमेंट टीम पर विचार कर रहे हैं और एक बार अंतिम रूप लेने के बाद इसकी घोषणा की जाएगी। ट्रॉई सीरीज में श्रीलंका तीसरी टीम के रूप में शामिल है और यह 17 नवंबर से शुरू होकर 29 नवंबर को फाइनल के साथ समाप्त होगी। अफगानिस्तान ने टेस्ट दर्जा मिलने के बाद पाकिस्तान के साथ कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा मान्यता मिलने से पहले उनकी ए टीमों ने कई बार पाकिस्तान का दौरा किया था। कई अफगान खिलाड़ियों ने पाकिस्तान में प्रशिक्षण लिया और उन्हें स्थानीय टूर्नामेंटों में खेलने की अनुमति भी दी गई थी।

सूत्रों के अनुसार, पीसीबी वर्तमान में अफगानिस्तान के विकल्प के रूप में नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात जैसी सहयोगी सदस्य टीमों पर भी विचार कर रहा है। हालांकि प्राथमिकता ऐसे टेस्ट खेलने वाले देश को शामिल करने की है जो ट्राई सीरीज के स्तर को बनाए रख सके। इसके अलावा, पाकिस्तान 11 से 15 नवंबर तक श्रीलंका के साथ तीन मैचों की द्विपक्षीय टी20 सीरीज भी खेलेंगे। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के संबंध पिछले कुछ समय से तनावपूर्ण बने हुए हैं, लेकिन एशिया कप से पहले शारजाह में आयोजित ट्राई सीरीज में दोनों देशों की टीमें साथ खेल चुकी हैं, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल थी। इस तरह, अफगानिस्तान की अनुपस्थिति के बावजूद ट्राई सीरीज को तय समय पर आयोजित करने के लिए पीसीबी सक्रिय कदम उठा रहा है और जल्द ही रिप्लेसमेंट टीम का ऐलान होने की उम्मीद है।




# भारत बना विश्व रेलवे शतरंज चैंपियनशिप का विजेता



क्वीबेरॉन, फ्रांस। भारत ने विश्व रेलवे शतरंज चैंपियनशिप 2025 में कमाल का प्रदर्शन करते हुए 15 में से 15 अंक हासिल कर चैंपियनशिप जीत ली है। फ्रांस के क्वीबेरॉन में 7 से 9 अक्टूबर तक खेले गए इस टूर्नामेंट में भारत ने जर्मनी, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, बुल्गारिया और चेक गणराज्य जैसी ताकतवर टीमों को करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम में कुल छह खिलाड़ी ग्रांड मास्टर दीप्तयान घोष, इंटरनेशनल मास्टर हिमल गुसैन, ग्रांड मास्टर मित्रभा गुहा, इंटरनेशनल मास्टर नीलाश साहा, ग्रांड मास्टर पी श्याम निखिल, ग्रांड मास्टर विषाख एन आर थे और कोच थे टी जे सुरेशकुमार। टीम ने स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया और बुल्गारिया को 6-0 से हराया जबकि जर्मनी को 5.5-0.5 और चेक गणराज्य को 5-1 से मात दी। मित्रभा, हिमल और नीलाश ने बिना एक भी मैच हारे 5 में से 5 जीत हासिल कीं। दीप्तयान, विषाख और श्याम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 4.5 अंक बनाए। विश्व के 11 देशों की 74 खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया, जिसमें चार ग्रैंडमास्टर्स और दो इंटरनेशनल मास्टर्स शामिल थे। भारत की यह जीत उसकी शतरंज क्षमता और टीम भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन है। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे शतरंज टीम के लिए गर्व का विषय है और विश्व स्तर पर भारत की शतरंज स्थिति को और मजबूती प्रदान करती है।

# शमी ने रणजी में शानदार प्रदर्शन कर चयनसमिति को करारा जवाब दिया


### –टीम इंडिया में वापसी के लिए दावेदारी की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी में बंगाल की ओर से शानदार गेंदबाजी कर एक बार फिर भारतीय टीम में वापसी के लिए दावेदारी पेश की है। शमी ने इस मैच की दोनो पारियों में कुल मिलाकर 7 विकेट लिए। शमी ने इस प्रकार चयन समिति को अपनी फिटनेस के साथ ही फार्म भी दिखाया है। हाल में चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर ने उनके फार्म और फिटनेस पर सवाल उठाये थे और कहा था कि इसी कारण उनके नाम पर विचार नहीं हो रहा है। इसका जवाब उन्होंने अपनी गेंदबाजी से दिया है। शमी ने अंतिम बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। इसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं। उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी। इसके बाद अब ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भी शमी को शामिल नहीं किया गया है। अब शमी ने अपने प्रदर्शन से दिखाया है कि उनमें अभी क्रिकेट शेष है। शमी को लेकर प्रबंधन की ओर से लगातार ये कहा जा रहा है कि उनकी फिटनेस ठीक नहीं है। गौरतलब है कि साल 2023 वनडे विश्व कप के बाद से ही शमी चोट के कारण परेशान रहे हैं। उन्होंने सर्जरी के बाद अपनी फिटनेस पर भी काफी काम किया और चैंपियंस ट्रॉफी में वापसी भी की थी पर इसके बाद भी उनकी फिटनेस पर सवाल उठे हैं। इस पूरे मामले पर शमी का मानना है कि अगर पूरी तरह से फिट नहीं होते तो घरेलू क्रिकेट में कैसे उतरते। साथ ही कहा कि कि वह पूरी तरह से फिट हैं। शमी की शानदार गेंदबाजी से बंगाल ने उत्तराखंड को 8 विकेट से हरा दिया



# फिर होगा गुकेश का कार्लसन और नाकामुरा से मुक़ाबला , चैम्पियन शो डाउन में होगी टक्कर

सेंट लुइस, यूएसए। भारत के वर्तमान विश्व शतरंज चैम्पियन डी गुकेश एक बारा फिर से अमेरिका में इस माह के अंत में खेलते हुए नजर आएंगे और इस बार उनके सामने विश्व चैम्पियन मैगनस कार्लसन भी होंगे साथ ही एक बार फिर उनका सामना हिकारु नाकामुरा और फबियानों करूआना से भी होगा। विश्व के ये चार शीर्ष ग्रैंडमास्टर 25 से 30 अक्टूबर तक सेंट लुइस चेस क्लब में होने वाले क्लच चेस : चैम्पियंस शो डाउन ? में आमने-सामने होंगे। यह छह दिवसीय रैपिड टूर्नामेंट कुल 4,12,000 डॉलर (लगभग 3.4 करोड़) की इनामी राशि के साथ खेला जाएगा। इसका प्रारूप डबल राउंड-रॉबिन का है, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी एक-दूसरे से दो बार भिड़ेगा। हर मुकाबले का समय नियंत्रण 10 मिनट और प्रति चाल 5 सेकंड की वृद्धि रहेगा। पहले चरण में जीत पर 1 अंक, दूसरे में 2 अंक, और तीसरे राउंड-रॉबिन में 3 अंक मिलेंगे, जिससे टूर्नामेंट के अंतिम दिनों में रोमांच चरम पर रहेगा। प्रत्येक चरण में जीतने पर बोनस राशि भी तय है, जो 1,000 डॉलर से शुरू होकर अंतिम चरण में 3,000 डॉलर तक होगी। प्रमुख पुरस्कारों में विजेता को 1,20,000 डॉलर उपविजेता को 90,000,डॉलर तीसरे स्थान पर रहने वाले को 70,000 डॉलर और चौथे स्थान पर आने वाले को 60,000 डॉलर मिलेंगे। यह आयोजन सेंट लुइस चेस क्लब की नई उन्नत सुविधाओं में हो रहा है, जिसे अब शतरंज की विश्व राजधानी कहा जा रहा है। टूर्नामेंट की मेजबानी में क्लब की आधुनिक व्यवस्था और दर्शकों की वापसी की घोषणा भी की गयी है।





# वनडे कप्तानी को लेकर सूर्यकुमार यादव का बड़ा बयान- कहा 'अच्छा खेला होता तो मौका मिल सकता था'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में खुलासा किया कि अगर उन्होंने वनडे फॉर्मेट में बेहतर प्रदर्शन किया होता, तो शायद उन्हें 50 ओवर की भारतीय टीम की कमान भी सौंपी जा सकती थी। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने पिछले महीने पाकिस्तान को हराकर टी20 एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था। उनकी नेतृत्व क्षमता की खूब सराहना हुई और टीम ने उनके अंडर अब तक 23 टी20 मैच जीते हैं। हालांकि व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिहाज से पिछले कुछ समय से उनका बल्ला खामोश है और वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए हैं।

वनडे क्रिकेट की बात करें तो सूर्यकुमार को इस फॉर्मेट में भी कई मौके दिए गए, लेकिन वह अपनी छाप नहीं छोड़ सके। उन्होंने 37 वनडे मैचों में 25.76 के औसत से सिर्फ 773 रन बनाए हैं, जिसमें 4 अर्धशतक शामिल हैं। लगातार खराब प्रदर्शन के चलते उन्हें वनडे टीम से बाहर कर दिया गया था। पॉडकास्ट के दौरान सूर्यकुमार ने कहा, 'अब मैं सोचता हूं कि अगर मैंने वनडे फॉर्मेट में अच्छा किया होता, जैसे अभी टी20 कप्तानी चल रही है, तो वनडे कप्तानी भी मिल सकती थी। पहले मैं इस बारे में नहीं सोचता था, लेकिन अब मन में यह ख्याल आता है। फॉर्मेट थोड़ा लंबा है, पर मैं अभी भी ट्राई करूंगा, क्योंकि सपना तो है ही।' उन्होंने मुस्कुराते हुए जोड़ा, 'घर पर मैं और मेरी वाइफ अक्सर यही बात करते हैं कि अगर मेरा वनडे फॉर्म अच्छा गया होता, तो शायद आज हालात अलग होते।'

सूर्यकुमार ने यह भी कहा कि जब रोहित शर्मा वनडे कप्तानी से रिटायर होंगे, तो यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम की कमान किसे सौंपी जाती है। 'अगर आप अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो आप हमेशा दावेदार बने रहते हैं। अभी भी मौका खत्म नहीं हुआ है,' उन्होंने कहा। गौरतलब है कि रोहित शर्मा के टी20 फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद सूर्यकुमार यादव को टीम इंडिया की कमान दी गई थी। वहीं टेस्ट क्रिकेट से रोहित के हटने के बाद शुभमन गिल कप्तान बने हैं और अब उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए वनडे टीम की कप्तानी भी सौंपी गई है।



## आईओबी करेगा विस्तार, जल्द होगी 1,100 नई नियुक्तियां

**नई दिल्ली** इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा है कि बैंक का प्रदर्शन बीते ढाई वर्षों में लगातार बेहतर हुआ है। इस दौरान बैंक ने 85 लाख नए चालू और बचत खाते खोले हैं, जिनमें 24,000 करोड़ रुपए की जमा राशि है। इनमें से 95 फीसदी खाते बचत खाते हैं, जिस पर ब्याज खर्च कम होता है। 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में आईओबी का शुद्ध लाभ 57.79 फीसदी बढ़कर 1,226 करोड़ तक पहुंच गया। वहीं, बैंक की सकल एनपीए दर घटकर 1.83 फीसदी रह गई, जो पिछले वर्ष इसी तिमाही में 2.72 फीसदी थी। बैंक की शुद्ध ब्याज आय 20.53 फीसदी बढ़कर 3,059 करोड़ रुपए रही और कुल कर्ज में 20.79 फीसदी की वृद्धि हुई। बैंक अब तेजी से देशभर में विस्तार कर रहा है। अगले 6-8 महीनों में 234 नई शाखाएं बिहार, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में खोली जाएंगी। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष में 1,100 नई नियुक्तियां की जा रही हैं, जिनमें से लगभग आधे लोग पहले ही शामिल हो चुके हैं।

## अक्टूबर में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में किया 6,480 करोड़ का निवेश

**लगातार तीन महीने की बिकवाली के बाद विदेशी निवेशकों ने फिर दिखाया भरोसा**

**नई दिल्ली** लगातार तीन महीने तक भारतीय शेयर बाजार से पूंजी निकालने के बाद, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर 2025 में फिर से वापसी की है। डिपॉजिटरी आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इस माह अब तक भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 6,480 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे पहले एफपीआई ने जुलाई में 17,700 करोड़ रुपए, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपए और सितंबर में 23,885 करोड़ रुपए की निकासी की थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बदलाव भारत की मजबूत वृहद आर्थिक स्थिति के कारण आया है। मॉर्निंगस्टार इंडिया के हिमांशु श्रीवास्तव के अनुसार, भारत में स्थिर विकास दर, नियंत्रण में मुद्रास्फीति और मजबूत घरेलू मांग जैसे कारकों ने निवेशकों का विश्वास फिर से बहाल किया है। साथ ही, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाओं और वैश्विक तरलता में सुधार ने भी एफपीआई की धारणा को सकारात्मक किया है।

## अक्टूबर में आईपीओ की धूमःएलजी ने किया धमाका



**नई दिल्ली** अक्टूबर का महीना शेयर बाजार के लिए किसी बड़े उत्सव से कम नहीं रहा। इस दौरान कई बहुप्रतीक्षित आईपीओ ने बाजार में दस्तक दी और निवेशकों की नजरें इन पर टिकी रहीं। खासकर, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, टाटा कैपिटल और वीवर्क इंडिया के आईपीओ ने चर्चा बटोरी। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने बाजार में 50 फीसदी के प्रीमियम के साथ धमाकेदार एंट्री की। 1,140 रुपए की इश्यू प्राइस के मुकाबले एनएसई पर यह 1,710 पर लिस्ट हुआ। हालांकि शुरुआती जोश के बाद शेयर गिरकर 1,627 रुपए तक आ गया, और फिलहाल 1,668 रुपए पर ट्रेड कर रहा है, यानी लिस्टिंग प्राइस से करीब 2 फीसद नीचे। टा ग्रुप की टाटा कैपिटल का आईपीओ निवेशकों में भरोसे के चलते सुर्खियों में रहा, लेकिन लिस्टिंग प्रीमियम सिर्फ 1.23 फीसदी रहा। एनएसई पर यह 330 रूपए पर लिस्ट हुआ और फिलहाल करीब 335 रूपए पर कारोबार कर रहा है। यह कंपनी विविध वित्तीय सेवाएं देती है और लॉन्ग टर्म निवेश के लिए उपयुक्त मानी जा रही है। वहीं, वीवर्क इंडिया का प्रदर्शन अपेक्षाकृत शांत रहा। 644.85 की लिस्टिंग के बाद शेयर 621 रुपए तक गिरा और अब 643 रुपए पर स्थिर है। को-वर्किंग स्पेस और हाइब्रिड ऑफिस मॉडल पर काम करने वाली इस कंपनी में लंबी अवधि में ग्रोथ की संभावनाएं देखी जा रही हैं।

# आरबीएल बैंक में यूएई के एमिरेट्स एनबीडी ने किया 26,850 करोड़ का निवेश

**▸▸अब तक की सबसे बड़ी विदेशी बैंकिंग डील**

**नई दिल्ली**

भारत के बैंकिंग क्षेत्र में अब तक की सबसे बड़ी विदेशी डील होने जा रही है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सबसे बड़े बैंक एमिरेट्स एनबीडी ने आरबीएल बैंक में लगभग 26,850 करोड़ रुपए (3 अरब डॉलर) निवेश कर 60 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की है।

यह निवेश 280 रुपए प्रति शेयर के भाव से किया जाएगा। यह सौदा प्रेफरेंशियल इश्यू के माध्यम से पूरा किया जाएगा, जिसके बाद एमिरेट्स एनबीडी शेष भारतीय शेयरधारकों से 26 फीसदी हिस्सेदारी के लिए अनिवार्य ओपन ऑफर लाएगा। इस डील को आरबीएल बैंक और एमिरेट्स एनबीडी दोनों के निदेशक मंडलों ने मंजूरी दे दी है। हालांकि, अंतिम रूप से यह डील भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी, शेयरधारकों और अन्य नियामकीय संस्थाओं की मंजूरी पर निर्भर करेगी। आरबीएल बैंक ने इस सौदे को लेकर 12 नवंबर 2025 को एक एक्स्ट्राऑर्डिनरी जनरल मीटिंग बुलाई है।




बैंक को उम्मीद है कि सभी मंजूरियाँ मिलने के बाद यह डील 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो जाएगी।

इस समझौते के तहत भारत में एमिरेट्स एनबीडी की मौजूदा शाखाओं का आरबीएल बैंक में विलय किया जाएगा।

इससे आरबीएल का कैपिटल बेस मजबूत होगा, लोन देने की क्षमता बढ़ेगी और दीर्घकालिक विकास योजनाओं को समर्थन मिलेगा।

## एनसीएलटी ने टीवीएस की दिवाला याचिका खारिज की

**नई दिल्ली** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की चंडीगढ़ पीठ ने टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस द्वारा दूरसंचार उपकरण निर्माता जीटीई टेलीकॉम इंडिया के खिलाफ दायर दिवाला याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की धारा 9 के तहत 4.27 करोड़ रुपए की बकाया राशि को लेकर दायर की गई थी। एनसीएलटी के सदस्य की पीठ ने कहा कि यह मामला पहले से विवादित था, और दोनों पक्ष 2017 से ही सुलह प्रक्रिया में शामिल थे। ऐसे में यह याचिका आईबीसी के तहत स्वीकार्य नहीं है। टीवीएस सप्लाई चेन, जो पहले टीवीएस लॉजिस्टिक्स सर्विसेज के नाम से जानी जाती थी, ने जीटीई पर आरोप लगाया था कि कंपनी ने 2012 से 2019 के बीच जारी कई इनवॉइस का आंशिक या देर से भुगतान किया। आरोप था कि जीटीई भुगतान में देरी के लिए चालानों में खामियों का बहाना बनाती रही। जीटीई ने 2018 में टीवीएस को पत्र भेजकर 5.60 करोड़ रुपए की विसंगतियों का दावा किया था, हालांकि कोई सहायक दस्तावेज नहीं दिए गए। एनसीएलटी ने इस पत्राचार को पूर्व से चला आ रहा विवाद मानते हुए कहा कि आईबीसी की धारा 9 तभी लागू होती है जब दावा निर्विवाद हो।

## धनतेरस 2025ः भारत में रिकॉर्ड चांदी खरीद, वैश्विक बाजार में मची हलचल

**देश की सबसे बड़ी रिफाइनरी एमएमटीसी-पीएएमपी के स्टॉक खाली, लंदन में भी चांदी की भारी किल्लत**



**नई दिल्ली** इस बार दिवाली और धनतेरस पर भारत में चांदी की अभूतपूर्व खरीदारी हुई, जिससे देश की सबसे बड़ी रिफाइनरी एमएमटीसी-पीएएमपी पहली बार स्टॉक से खाली हो गई। बाजार के जानकारों ने कहा` कि उन्होंने अपने 27 साल के करियर में ऐसी खरीदारी पहले भी नहीं देखी। बाजार में भारी डिमांड के चलते सप्लाई बाधित हो गई है। भारत की इस जबरदस्त मांग का असर लंदन जैसे वैश्विक बाजारों पर भी पड़ा। वहां कई बैंकों ने ग्राहकों को चांदी की कीमत बताना तक बंद कर दिया, क्योंकि स्टॉक खत्म हो चुका था। विशेषज्ञों के अनुसार, यह स्थिति पिछले 45 वर्षों में सबसे गंभीर चांदी संकटों में से एक मानी जा रही है। चांदी की मांग बढ़ने के पीछे कई कारक बताए जा रहे हैं- जैसे पहला, सोशल मीडिया पर इसे अगला गोल्ड कहा जाने लगा, दूसरा सोने-चांदी का अनुपात 100ः1 पहुंच गया, जिससे निवेशकों ने सस्ता विकल्प चुना, तीसरा सोलर इंडस्ट्री में चांदी की खपत तेजी से बढ़ रही है और चौथा डॉलर की कमजोरी ने भी निवेशकों को आकर्षित किया। लंदन वेयरहाउस में अब केवल 150 मिलियन औंस चांदी बची है, जबकि रोजाना का व्यापार करीब 250 मिलियन औंस है। अमेरिका और चीन में ईटीएफ और इंडस्ट्री की भारी खरीदारी से संकट और गहरा गया। हालांकि, न्यूयॉर्क के कॉमेक्स वेयरहाउस से 20 मिलियन औंस चांदी निकाले जाने के बाद कीमतों में 5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

## दिवाली सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे 5 बड़े फैक्टर

**मुंबई**




दिवाली के त्योहार के चलते आने वाला सप्ताह ट्रेडिंग के लिहाज से छोटा रहेगा। 21 और 22 अक्टूबर को बाजार बंद रहेगा, जबकि 21 तारीख को 1:45 बजे से 2-45 बजे तक मुहूर्त ट्रेडिंग होगी।

इसके बावजूद बाजार का मूड पॉजिटिव बना हुआ है और तेजी जारी रहने की उम्मीद है। अगले सप्ताह कई बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे सामने आएंगे, जो निवेशकों के लिए अहम संकेत होंगे। अगर ये रिजल्ट्स उम्मीदों से बेहतर आते हैं, तो बाजार में तेजी और मजबूती आएगी। विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार तीसरे दिन भारत के शेयरों के नेट खरीदार बने हुए हैं। निफ्टी की अर्निंग्स में लगभग 8 फीसदी की बढ़ोतरी की उम्मीद है, जो विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर सकता है।

रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूती दिखा रहा है, जो निवेशकों के विश्वास को बढ़ाता है और बाजार में सकारात्मकता लाता है।

अमेरिका के महंगाई आंकड़े बाजार की दिशा को प्रभावित कर सकते हैं। यदि मुद्रास्फीति नियंत्रित रहती है, तो अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को स्थिर रख सकता है, जिससे भारतीय बाजार को फायदा होगा।

भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार बातचीत सकारात्मक माहौल में है।

अगर कोई ठोस समझौता होता है, तो यह सेंसेक्स और निफ्टी के लिए नई ऊंचाईयां तय कर सकता है।

## धनतेरस पर कार बाजार में बंपर सेल, मारुति और हुंडई की रिकॉर्ड डिलीवरी

**▸▸जीएसटी 2.0 की राहत और त्योहारों के जोश से ऑटो सेक्टर में आई नई रफ्तार**

**नई दिल्ली**

धनतेरस 2025 ने देश के ऑटोमोबाइल सेक्टर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। इस शुभ अवसर पर देश की दो प्रमुख कार कंपनियों मारुति सुजुकी इंडिया और हुंडई मोटर इंडिया ने जबरदस्त बिक्री दर्ज की। ग्राहक उत्साह, बाजार में सकारात्मक माहौल और सरकार की ओर से जीएसटी 2.0 के तहत टैक्स राहत जैसे कारकों ने इस वृद्धि में अहम भूमिका निभाई। मारुति सुजुकी ने पहली बार धनतेरस पर 50,000 गाड़ियों की डिलीवरी का रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी के मार्केटिंग एंड सेल्स हेड के अनुसार, शनिवार शाम 6 बजे तक ही 38,500 गाड़ियां डिलीवर हो चुकी थीं और रविवार को 10,000 और डिलीवरी होने का अनुमान है। पिछले वर्ष दो दिन में 42,000 गाड़ियों की डिलीवरी हुई थी, जबकि इस बार यह आंकड़ा पार कर लिया गया। बनर्जी ने बताया कि पिछले एक महीने में कंपनी को 4.5 लाख बुकिंग्स मिलीं और 3.25 लाख गाड़ियां बिक चुकी हैं। छोटी गाड़ियों की मांग भी बनी रही, जिनमें से 94,000 यूनिट् की बिक्री हुई है। कंपनी के शोरूम पर भारी भीड़ देखी गई और पूजा के लिए पंडितों तक को बुलाया गया ताकि ग्राहक शुभ समय पर गाड़ी ले सकें। वहीं हुंडई मोटर इंडिया ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 14,000 गाड़ियों की डिलीवरी की, जो पिछले साल के मुकाबले 20 फीसदी अधिक है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि यह डिलीवरी कई दिनों में फैली है, जिससे हर ग्राहक को बेहतर अनुभव मिल सके। धनतेरस की इस बंपर बिक्री से स्पष्ट है कि त्योहारी मौसम और सरकारी नीतियां मिलकर ऑटो इंडस्ट्री को नई रफ्तार दे रही हैं। आने वाले महीनों में यह गति और भी तेज हो सकती है।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से 7 के मार्केट कैप में 2.16 लाख करोड़ की बढ़ोतरी

**टीसीएस, इन्फोसिस और एलआईसी को नुकसान**

**नई दिल्ली**

पिछले सप्ताह शेयर बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला, जिससे बीएसई सेंसेक्स 1,451.37 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। इसका असर देश की प्रमुख कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) पर भी पड़ा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से 7 कंपनियों के कुल बाजार मूल्यांकन में 2,16,544.29 करोड़ रुपए की जोरदार बढ़त दर्ज की गई। सबसे अधिक लाभ रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल को हुआ। रिलायंस का बाजार मूल्यांकन 47,363.65 करोड़ रुपए बढ़कर 19,17,483.71 करोड़ रुपए हो गया। वहीं, भारती एयरटेल ने 41,254.73 करोड़ रुपए की बढ़त के साथ 11,47,235.08 करोड़ रुपए का पूंजीकरण हासिल किया। एचडीएफसी बैंक के मूल्य में 33,185.59 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई और इसका कुल बाजार पूंजीकरण 15,40,210.78 करोड़ पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक 40,123.88 करोड़ की बढ़त के साथ 10,26,491.35 करोड़ पर पहुंचा। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 28,903.45 करोड़ बढ़कर 6,65,899.19 करोड़ रुपए रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में 17,774.65 करोड़ की वृद्धि हुई और भारतीय स्टेट बैंक ने 7,938.34 करोड़ रुपए जोड़े। वहीं दूसरी ओर इन्फोसिस, टीसीएस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी)को नुकसान उठाना पड़ा। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 30,306.35 करोड़ घटकर 5,98,773.87 करोड़ रह



गया। टीसीएस में 23,807.01 करोड़ और एलआईसी में 7,684.87 करोडि रुपए की गिरावट दर्ज की गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज अभी भी भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है, इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस और अन्य कंपनियां हैं।

## इटली के मिलान शहर से दिल्ली की एयर इंडिया फ्लाइट रद्द

**दिवाली से पहले भारतीय यात्रियों की यात्रा प्रभावित**




**नई दिल्ली** इटली के मिलान शहर से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई138 को हाल ही में तकनीकी खराबी के चलते अचानक रद्द कर दिया गया। यह फ्लाइट दिवाली से ठीक पहले भारत लौटने वाले सैकड़ों भारतीय यात्रियों के लिए अहम थी। तकनीकी दिक्कत के कारण विमान उड़ान भरने में असमर्थ रहा, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। एयर इंडिया ने बताया कि यह फैसला यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लिया गया। एयर इंडिया ने रद्द उड़ान के यात्रियों के लिए अस्थायी होटल और भोजन की व्यवस्था की है। कई यात्रियों को हवाई अड्डे के बाहर भी ठहराया गया है ताकि उन्हें अधिक असुविधा न हो। एयरलाइन ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है। इसके साथ ही कंपनी ने कहा कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। एयर इंडिया ने 20 अक्टूबर से वैकल्पिक उड़ानों की बुकिंग शुरू कर दी है। सीटों की उपलब्धता के आधार पर सभी यात्रियों को जल्द से जल्द भारत भेजने का प्रयास किया जा रहा है।

# वित्त वर्ष 2030 तक 45,000 करोड़ का निवेश करेगी हुंडई इंडिया

**नई दिल्ली**

ऑटो कंपनी हुंडई मोटर भारत में अपने लंबी अवधि के रोडमैप के तहत वित्त वर्ष 2030 तक 45,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। हुंडई मोटर ने घोषणा की कि कंपनी का लक्ष्य भारत को वैश्विक स्तर पर अपना दूसरा सबसे बड़ा बाजार बनाना है। इस निवेश का मुख्य उद्देश्य नए प्रोडक्ट लॉन्च, क्षमता विस्तार और अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) को सपोर्ट करना होगा। हुंडई मोटर कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ जोस मुनोज ने एचएमआईएल के पहले इन्वेस्टर डे में कहा कि पिछले साल के ऐतिहासिक आईपीओ और भारत में 30 वर्षों की सफलता के बाद, कंपनी अब अगले चरण के विकास के लिए यह बड़ा निवेश कर रही है।

मुनोज के अनुसार, लगभग 60 प्रतिशत निवेश उत्पाद विकास और आर एंड डी में लगाया जाएगा, जबकि बाकी 40 प्रतिशत क्षमता विस्तार और अपग्रेडेशन पर खर्च किया जाएगा।

कंपनी ने यह भी लक्ष्य रखा है कि कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत निर्यात किया जाएगा। अपने 2030 रोडमैप के तहत, हुंडई 26 नए मॉडल लॉन्च करेगी, जिनमें 7 नए नाम शामिल होंगे। कंपनी एमपीवी और ऑफ-रोड एसयूवी सेगमेंट में प्रवेश करेगी और 2027 तक अपनी पहली स्थानीय रूप से डिजाइन और निर्मित इलेक्ट्रिक एसयूवी लॉन्च करने की योजना बना रही है। इसके अलावा, 2027 तक हुंडई का




लग्जरी ब्रांड जेनेसिस भी भारत में पेश किया जाएगा। हुंडई का लक्ष्य वित्त वर्ष 2030 तक अपने राजस्व को 1.5 गुना बढ़ाकर 1 लाख करोड़ रुपए तक ले जाना और घरेलू बाजार में 15 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है।

## भारत में वाहनों की शिपमेंट बढकर हुई 3,72,458 यूनिट्स

**नई दिल्ली**

भारत में बीते सितंबर महीने में यात्री वाहनों, कारों और एसयूवी सहित वाहनों की शिपमेंट 4.4 प्रतिशत बढ़कर 3,72,458 यूनिट्स हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह संख्या 3,56,752 यूनिट्स थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोपहिया वाहनों की बिक्री 7 प्रतिशत बढ़कर 21,60,889 यूनिट्स रही, जो सितंबर 2024 में 20,25,993 यूनिट्स थी। तिपहिया वाहनों की शिपमेंट भी 5.5 प्रतिशत बढ़कर 84,077 यूनिट्स पहुंच गई, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 79,683 यूनिट्स था। एसआईएएम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने बताया कि 22 सितंबर से लागू नई जीएसटी दरों के बावजूद, सितंबर में यात्री, दोपहिया और तिपहिया वाहनों ने अब तक की सबसे बड़ी बिक्री दर्ज की है। उन्होंने कहा कि अनुकूल परिस्थितियों और जीएसटी 2.0 सुधार के चलते ऑटो उद्योग का आउटलूक उत्साहजनक बना हुआ है। चंद्रा ने इसे भारतीय ऑटो उद्योग और




अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक और सकारात्मक कदम बताया। जुलाई-सितंबर तिमाही में यात्री वाहनों की बिक्री 10,39,200 यूनिट्स रही, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 10,55,137 यूनिट्स से थोड़ा कम है। इसी अवधि में दोपहिया वाहनों की बिक्री पिछले साल की तुलना में 7 प्रतिशत बढ़कर 55,62,077 यूनिट्स हो गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री जुलाई-सितंबर तिमाही में 10 प्रतिशत बढ़कर 2,29,239 यूनिट्स रही, जो आर्थिक गतिविधियों के उच्च स्तर को दर्शाता है।

## मारुति और टाटा की कारों की बिक्री में आया भारी उछाल




**नई दिल्ली**

हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा छोटी कारों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने के बाद इनकी बिक्री में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। जीएसटी में कटौती के बाद छोटी कारें एक बार फिर आम ग्राहकों की पहुंच में आ गई हैं। नतीजा यह हुआ कि मारुति सुजुकी, जो इस सेगमेंट की मार्केट लीडर है, ने सिर्फ चार हफ्तों में करीब 4 लाख बुकिंग्स दर्ज की हैं।

इनमें से लगभग 80,000 बुकिंग्स ऑल्टो के10, एस-प्रेसो, सेलेरियो और वैगनआर जैसी छोटी कारों की हैं। इससे यह साफ हो गया कि लोगों का इन कारों से मोहभंग नहीं हुआ था, बल्कि ऊंची कीमतों ने ही उन्हें दूरी बना ली थी। मारुति के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सेल्स एंड मार्केटिंग) पार्थो बनर्जी के मुताबिक, हमने देखा है कि अब शोरूम में कई खरीदार हेलमेट के साथ पहुंच रहे हैं। यह संकेत है कि दोपहिया वाहन चलाने वाले ग्राहक अब अपनी पहली कार खरीदने आ रहे हैं। छोटे कार सेगमेंट में यह नए खरीदारों की लहर बाजार को नई जान दे रही है। उन्होंने बताया कि जीएसटी 2.0 से पहले जहां एंट्री-लेवल मॉडलों की हिस्सेदारी 16.7 प्रतिशत थी, अब यह बढ़कर 22.2प्रतिशत हो गई है। टाटा मोटर्स ने भी त्योहारी सीजन में शानदार बिक्री दर्ज की है। कंपनी के चीफ कमर्शियल ऑफिसर अमित कामत के अनुसार, हमारी हैचबैक कारें टियागो और अल्ट्रोज की बुकिंग्स इस साल पिछले साल की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक रही हैं। ग्राहक न सिर्फ बुकिंग कर रहे हैं, बल्कि तेजी से डिलीवरी भी ले रहे हैं। जीएसटी में कटौती का यह कदम अब भारतीय ऑटो बाजार में फिर से छोटे कारों का दौर लौटाता दिख रहा है। जहां पहले एंट्री-लेवल कारें महंगी होकर आम लोगों की पहुंच से बाहर हो रही थी।

## बहुप्रतीक्षित अपाचे आरटीएक्स 300 को भारत में लॉन्च



**नईदिल्ली**

बाइक निर्माण क्षेत्र की कंपनी टीवीएस ने अपनी बहुप्रतीक्षित अपाचे आरटीएक्स 300 को भारत में लॉन्च कर दिया है। इस लॉन्च के साथ, टीवीएस अब एडवेंचर टूरर सेगमेंट में भी कदम रख चुकी है। इस बाइक की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 1.99 लाख रुपए रखी गई है। नई अपाचे आरटीएक्स ब्रांड के नए प्लेटफॉर्म पर आधारित है और इसका मुकाबला केटीएम 250 एडवेंचर, येज्दी एडवेंचर और रॉयल एनफील्ड स्क्रैम 440 जैसे मॉडल से होगा। अपाचे आरटीएक्स 300 में 299सीसी, लिक्विड-ऑयल कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर आरटी-एक्सडी4 इंजन लगाया गया है, जो 9,000 आरपीएम पर 35.5 एचपी और 7,000 आरपीएम पर 28.5 एनएम का टॉर्क प्रदान करता है। पावर मिल को 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ बाई-डायरेक्शनल क्विकशिफ्टर, असिस्ट और स्लिपर क्लच से जोड़ा गया है। बाइक की स्टील ट्रेलिस फ्रेम और एल्युमीनियम डाईकास्ट स्विंगआर्म इसे मजबूत और स्थिर बनाते हैं। बड़ा फ्यूल टैंक, साइड फेंडर और पारदर्शी विंडस्क्रीन इसे भारी और एडवेंचर-योग्य लुक देते हैं। आगे की तरफ आंख के आकार वाले एलईडी हेडलैंप, एलईडी टर्न इंडिकेटर्स और चोंच जैसे प्रोजेक्शन इसे आक्रामक लुक देते हैं। रियर में स्प्लिट सीट और अलग लगेज रैक लंबी यात्राओं के लिए उपयुक्त हैं। टीवीएस अपाचे आरटीएक्स 300 में फुल-कलर टीएफटी डिस्प्ले है जो स्पीड, कॉल और एसएमएस अलर्ट, मैप मिररिंग और गोप्रो कंट्रोल जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। इसमें चार राइड मोड्स टूर, रैली, अर्बन और रेन और सुरक्षा के लिए एबीएस, ट्रैक्शन कंट्रोल, क्रूज कंट्रोल और टीपीएसएम फीचर्स दिए गए हैं। अपाचे आरटीएक्स 300 कई आकर्षक रंगों में उपलब्ध है, जिनमें वाइपर ग्रीन, टार्न ब्रॉन्ज़, मेटैलिक ब्लू, लाइटनिंग ब्लैक और पर्ल व्हाइट शामिल हैं। इस लॉन्च के साथ टीवीएस ने भारतीय बाजार में एडवेंचर टूरर सेगमेंट में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। बाइक का इंजन टू-वे थर्मोस्टेट, इंटेलिजेंट एयर-फ्लो तकनीक और पेटेंटेड डक्ट सिस्टम से लैस है, जो दहन को सेमलैस और तापमान को नियंत्रित रखता है



# थामा का यक्षासन मेरे बच्चों को जरूर पसंद आएगा

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म थामा को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच उन्होंने अपने फिल्म के किरदार को लेकर बात की और बताया कि यह किरदार उनके बच्चों के लिए खास रूप से रोमांचक होने वाला है। आईएएनएस से बात करते हुए नवाजुद्दीन ने कहा, यह रोल मेरे लिए काफी अलग और नया है, जिसे मैं लंबे समय से निभाना चाह रहा था। फिल्म में मेरी भूमिका थोड़ी अजीब है, लेकिन यही अजीबपन बहुत दिलचस्प और मजेदार होने वाला है। मैं अपने अनुभव से बेहद खुश हूं। जब मेरे बच्चे फिल्म में मेरे किरदार यक्षासन को देखेंगे, तो यकीनन उसे जरूर पसंद करेंगे। मैंने इस किरदार को निभाने में काफी मेहनत की है। नवाजुद्दीन ने अपनी भूमिका की एक बल्लेबाज से तुलना की, जो मैच में पूरी तैयारी के बावजूद भी अनपेक्षित गेंद का सामना करता है।

उन्होंने आगे कहा, यह रोल मिलना मेरे लिए किसी सौभाग्य से कम नहीं है। फिल्मकार अब भी मुझे नए और अलग अवतार में देख रहे हैं। बता दें कि फिल्म थामा में नवाजुद्दीन सिद्दीकी यक्षासन नाम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके अलावा, आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और परेश रावल भी लीड रोल में हैं। वहीं पंचायत फेम फैसल मलिक भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। वह पंचायत सीरीज में प्रहलाद चाचा के रोल में दिखे थे।

यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर है। इसमें एक वैंपायर की लव स्टोरी दिखाई जाएगी। इस फिल्म को आदित्य सरपोतदार ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान और अमर कौशिक ने मिलकर किया है। फिल्म की कहानी निरंजन भट्ट और सुरेश मैथ्यू ने लिखी है। यह मैडॉक्स फिल्म्स के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। इस बैनर तले स्त्री, स्त्री 2, भेड़िया, और मुंज्या जैसी मूवीज बन चुकी हैं। यह फिल्म 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दीपावली पर रिलीज हो रही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सोनम बाजवा और हर्षवर्धन राणे की फिल्म एक दीवीने की दीवानियत से टकराएगी।



# मेगास्टार चिरंजीवी के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस करती नजर आ सकती हैं मालविका मोहनन

**तेलुगु सिनेमा की दुनिया से बड़ी खबर सामने आ रही है। जल्द ही प्रभास के साथ फिल्म 'द राजा साब' में नजर आने वाली साउथ की खूबसूरत अभिनेत्री मालविका मोहनन अब मेगास्टार चिरंजीवी के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस करती नजर आ सकती हैं। यह खबर सुनते ही फैंस के बीच इसे लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है।**

## चिरंजीवी की नई फिल्म में बनेंगी लीड एक्ट्रेस

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्देशक बॉबी कोली की अगली फिल्म 'मेगा 158' में चिरंजीवी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में दो हीरोइनों को कास्ट किया जा रहा है, जिनमें से एक के लिए मालविका मोहनन का नाम चर्चा में है। अगर सब कुछ तय हुआ, तो 'द राजा साब' के बाद यह मालविका की दूसरी तेलुगु फिल्म होगी, जो उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है।

## इंडस्ट्री में मालविका का सफर


केरल से ताल्लुक रखने वाली मालविका मोहनन प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर के.यू. मोहनन की बेटी हैं। उन्होंने साल 2013 में मलयालम फिल्म 'पट्टम पोल' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने तमिल, हिंदी और मलयालम सिनेमा में कई अहम किरदार निभाए। उनकी पहचान 'मास्टर' (विजय के साथ), 'पेट्टा' (रजनीकांत के साथ), 'मारन' (धनुष के साथ) और 'थंगालान' (विक्रम के साथ) जैसी फिल्मों से और मजबूत हुई। अब तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखते हुए मालविका अपनी नई पहचान बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

## सोशल मीडिया पर छाई मालविका

मालविका मोहनन अपने ग्लैमरस अंदाज और सोशल मीडिया एक्टिविटी को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। 'द राजा साब' के टीजर में उनका बोल्ड और कॉन्फिडेंट लुक फैंस को खूब पसंद आया था। अब खबर है कि उन्हें 'मेगा 158' जैसी मेगा फिल्म में जगह मिलने की संभावना है, जिससे वह टॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हो सकती हैं।

## चिरंजीवी के साथ काम करने पर बयान

मालविका के करीबी सूत्रों का कहना है कि अभिनेत्री के लिए मेगास्टार चिरंजीवी के साथ स्क्रीन शेयर करना किसी सपने से कम नहीं है। चिरंजीवी और बॉबी की पिछली फिल्म 'वाल्थेयर वीरैया' सुपरहिट रही थी, ऐसे में दर्शकों को इस नई जोड़ी से भी काफी उम्मीदें हैं।



## करियर का टर्निंग पॉइंट

तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में पहले से ही नई अभिनेत्रियों की जबरदस्त एंट्री हो रही है– रुक्मिणी वसंथ, रितिका नायक और कयादू लोहार जैसी स्टार्स तेजी से आगे बढ़ रही हैं। ऐसे में अगर मालविका को चिरंजीवी के साथ यह मौका मिलता है, तो यह उनके करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है।



# कंफर्ट जोन से निकलना चाहते थे जितेंद्र

वेब सीरीज पंचायत फेम जितेंद्र कुमार इन दिनों भागवत चैप्टर 1– राक्षस को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें उनके साथ अरशद वारसी भी हैं। फिल्म में उन्होंने एक कॉलेज प्रोफेसर की भूमिका निभाई है। जितेंद्र के मुताबिक– वह ऐसा चुनौतीपूर्ण किरदार निभाना चाहते थे, जिससे उन्हें कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने का मौका मिल सके।

भागवत चैप्टर 1– राक्षस में जितेंद्र, कॉलेज प्रोफेसर समीर की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं अरशद वारसी, इंस्पेक्टर विश्वास भागवत की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में अरशद कॉलेज से कई युवतियों के लापता होने की जांच कर रहे हैं। जी5 की इस फिल्म का निर्देशन अक्षय शेरे ने किया है।

जितेंद्र ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा मैं अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने के लिए बहुत उत्साहित था। मुझे यह किरदार काफी चुनौतीपूर्ण लगा क्योंकि मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं किया था। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मैं इसे कैसे निभा पाऊंगा। हालांकि हर चुनौती के साथ मेरे अंदर एक अलग ही उत्साह था। मैं सच में एक क्राइम–थ्रिलर और कई अलग–अलग पहलुओं वाला किरदार निभाना चाहता था।

## जितेंद्र ने की अरशद की तारीफ

अरशद वारसी के साथ काम करने को लेकर उन्होंने कहा वारसी के साथ काम करना प्रेरणादायक था, जो सेट पर सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश करते थे। अरशद सर जिस तरह से सेट पर खुद को पेश करते हैं, वह वाकई दिलचस्प है। वैसे तो वह बहुत शांत रहते हैं, लेकिन हर बार जब उनका कोई सीन होता था, तो वह सहजता से उसमें ढल जाते थे। जिस तरह से वह अपने किरदार में ढल जाते हैं, उसे देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा और हमारा सेट बहुत सहयोगात्मक था। हमने हर सीन पर कई बार चर्चा की।



# जल्द शुरू होगा कपिल शर्मा शो का नया सीजन, क्या नहीं दिखेंगे कीकू शारदा?

कॉमेडी इंडस्ट्री के मशहूर चेहरे कीकू शारदा इन दिनों लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। पिछले दिनों शो राइज एंड फॉल में नजर आए कॉमेडियन ने कपिल शर्मा शो के नए सीजन पर अपडेट दिया है। उन्होंने खुद के शो छोड़ने की अफवाहों को भी खारिज कर दिया है।

## कीकू ने कपिल शर्मा शो पर की बात

कीकू शारदा ने बातचीत करते हुए पुष्टि की है कि लोकप्रिय शो द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो की शूटिंग जल्द ही फिर से शुरू होने वाली है। हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि कीकू शो छोड़ देंगे, लेकिन अभिनेता ने इन अफवाहों का खंडन करते हुए बताया कि उनका शो और टीम के साथ जुड़ाव अब भी मजबूत है। किकु शारदा ने कहा, हम जल्दी ही शूटिंग शुरू करेंगे। टेलीविजन पर इसका प्रसारण कब होगा, इसका अभी तक कोई निश्चित समय नहीं है, लेकिन यह नवंबर में किसी समय आ सकता है।

## राइज एंड फॉल में नजर आए कीकू

कीकू शारदा ने राइज एंड फॉल और अशनीर गोवर द्वारा होस्ट किए गए रियलिटी शो में अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि हालांकि वह कुछ समय के लिए शो में भाग लेने के लिए लॉक थे, लेकिन बाहर आने पर उन्हें पता चला कि उनके शो छोड़ने की अफवाहें फैल गई थीं। कीकू ने मुस्कुराते हुए कहा, लोग इतने परेशान थे, और मैं खुद भी नहीं जानता था कि यह अफवाह कैसे फैल गई। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं शो छोड़ दूंगा। मैं 13 साल से कपिल के साथ काम कर रहा हूं और मुझे यह शो बेहद पसंद है। मैंने कई काम ठुकरा दिए सिर्फ इस शो का हिस्सा बनने के लिए और मैं कभी इसे नहीं छोड़ूंगा। मंच पर जाकर मजाक करना, लोगों और सेलिब्रिटीज से खुलकर बात करना—यह मजा कुछ ऐसा है जो मैं छोड़ नहीं सकता।

## शो के अनुभव पर क्या बोले कीकू?

कीकू ने बताया कि राइज एंड फॉल में भाग लेते हुए उन्हें एक अलग तरह का रचनात्मक अनुभव मिला। उन्होंने कहा, वीकेंड्स कभी–कभी काफी तनावपूर्ण हो जाते हैं, लोग एक–दूसरे पर आरोप लगाते हैं और कई चीजों पर लड़ाई होती है। इस समय कॉमेडी एक राहत देती है और ज्यादा मनोरंजन जोड़ती है। जब मैं परफॉर्म करता हूं, मैं खुद को स्वतंत्र महसूस करता हूं और जब दर्शक देखते हैं, तो उन्हें भी वही अनुभव होता है। यह एक सुंदर आदान–प्रदान है, और यही मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।






# लाउड होना, चिल्लाना ही ताकत का पैमाना नहीं, इंडस्ट्री में काम के घंटे बिल्कुल तय होने चाहिए

पर्दे पर एक से बढ़कर शानदार किरदारों को जीवंत करने वाली कलाकारा कोंकणा सेन शर्मा अपनी नई सीरीज सर्च- नैना मर्डर केस में घर और काम के बीच जूझती एक होनहार एसपी संयुक्ता दास की भूमिका के लिए चर्चा में हैं। इसी सिलसिले में हमने कोंकणा से की खास बातचीत-

**कामकाजी औरतों के लिए घर और काम के बीच तालमेल बिठाना हमेशा एक चुनौती रहती है, जो आपकी सीरीज भी प्रमुखता से दिखाती है। आप खुद एक सिंगल मदर होने के नाते ऐक्टिंग जैसे डिमांडिंग पेशे में यह बैलेंस कैसे बनाती हैं?**

मैं बहुत लकी हूं, क्योंकि हारून (बेटा) के पिता (ऐक्टर रणवीर शौरी) भी उसकी परवरिश में बराबरी से इन्वॉल्व रहते हैं, जो बहुत बड़ा सपोर्ट है। इस वजह से मैं बेफिक्र होकर ट्रैवल कर पाती हूं। हम दोनों ही काम के लिए सिलसिले में समय–समय पर ट्रैवल करते रहते हैं, तब दूसरा घर का ख्याल रखता है तो मैं इस मामले में बहुत लकी हूं, मगर वो कहते हैं न कि एक एक बच्चे को बड़ा करने में एक पूरा गांव लगता है, तो सिंगल पैरंट या जिसके भी पास भी वो गांव नहीं है, उसके लिए बहुत मुश्किल होता है। पहले दादा–दादी, बुआ–चाची जैसे परिवार के सदस्य साथ होते थे, जबकि आज के दौर में न्यूक्लियर फैमिली हैं या हम दूसरे शहरों में चले जाते हैं जहां वो कम्यूनिटी नहीं है तो निश्चित तौर पर घर और काम के बीच तालमेल बिठाना बड़ा संघर्ष है लेकिन अभी हमारे पास कोई समाधान नहीं है। मैं उम्मीद करती हूं कि इस बारे में बात करने से कोई समाधान निकले।

**वर्क–लाइफ बैलेंस की बात चल रही है तो शूटिंग के घंटे तय किए जाने को लेकर छिड़ी बहस पर आपकी क्या राय है?**

मैं बिल्कुल इस बात से सहमत हूं कि सेट पर काम के घंटे तय होने चाहिए, क्योंकि ऐक्टर्स ही नहीं, हमारे टेक्नीशियन तो और ज्यादा घंटे काम करते हैं, तो मुझे लगता है कि हफ्ते में 6 दिन ही काम होना चाहिए। जैसे, फ्रांस में हफ्ते में सिर्फ चार दिन काम होता है और वहां प्रोडक्टिविटी बढ़ी है। बेशक वो एक अलग देश है, मगर यहां भी हफ्ते में 6 दिन काम होना चाहिए और 12 घंटे की शिफ्ट होनी चाहिए। यह बेसिक है, जिसके हिसाब से चीजें प्लान की जानी चाहिए। बाकी, कभी जरूरत हो तो 14–15 घंटे काम करना पड़ जाए तो चलता है, लेकिन ये सामान्य कल्चर नहीं होना चाहिए।

**सीरीज यह भी दिखाती है कि कैसे एक काबिल फीमेल ऑफिसर के मातहत काम करने में उसके पुरुष सहयोगी की मेल ईगो को बड़ी चोट पहुंचती है। क्या कभी इस पुरुष सत्तात्मक सोच से हमें निजात मिलेगी?**

हां, ये दिक्कत तो है। पैट्रियार्की हमारे समाज में जड़ों तक धंसी हुई है। मैंने खुद यह बहुत ज्यादा देखा है, मगर यह सिर्फ औरत होने की बात नहीं है। आप अपनी अथॉरिटी (ताकत) को कैसे दिखाना चाहते हैं, यह इस पर भी निर्भर करता है। मतलब, अगर आप चिल्ला रहे हैं, गाली दे रहे हैं, लाउड हैं तो लोगों को लगता है कि अच्छा, ये अथॉरिटी है जिसकी मुझे सुननी है। वहीं, अगर आप शांति से काम करें तो लोग सुनते नहीं है तो ये किसकी गलती है कि हम लीडरशिप और अथॉरिटी को इस नजरिए से देखते हैं। हमें सुने जाने के लिए लाउड होना क्यों जरूरी है? आपको तब भी सुनना चाहिए जब कोई इंसान शांति से अपनी बात रख रहा है। मुझे अपने किरदार एसीपी संयुक्ता दास की यह खूबी बहुत कमाल की लगी कि वो उकसाए जाने पर भी धैर्य नहीं खोती। यह कला सालों के अनुभव, मुश्किल परिस्थितियों और लोगों को हैंडल करने के बाद आती है। हालांकि, वह अपने उस साथी को एक बात बोलती है कि तुम मुझे मेरी टीनेजर बेटी की याद दिलाते हो, मुझे लगता है कि यह एक लाइन किसी भी मैस्कुलिनिटी को धराशाई कर सकती है।

**यह सीरीज मशहूर डैनिश सीरीज द किलिंग का अडाप्टेशन है। ऐसे में, बतौर ऐक्टर किसी और की नकल करने या दोहराव का खतरा नहीं महसूस हुआ?**

मैंने वो ओरिजिनल सीरीज देखी है, जो मुझे बहुत पसंद आई थी। उसमें जो कॉम्प्लेक्स फीमेल डिटेक्टिव सारा लुंड हैं, उनकी एक बड़ी फैन फॉलोइंग है। उस किरदार ने बहुत सी फीमेल करैक्टर को इंस्पायर किया है, तो मैं असल में बहुत एक्साइटेड थी कि यह किरदार निभाना एक बड़ी जिम्मेदारी है। मुझे बिल्कुल ऐसा नहीं लगा कि इसमें किसी नकल या दोहराव का खतरा है, क्योंकि मुझे पता था कि मैं डैनिश पुलिस वाली की तरह नहीं हो जाऊंगी। उस, रोहन डायरेक्टर रोहन सिप्पी और उनकी टीम ने इसे इंडियन माहौल के हिसाब से बहुत खूबसूरती से अडाप्ट किया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in